सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने ऑनलाइन शिक्षा में रचा नया इतिहास, दूरदर्शी सोच से चमका शैक्षणिक वातावरण

# शैक्षणिक सत्र 2026 में सम्राट विवि का कीर्तिमान 248 छात्र राष्ट्रीय स्तर पर सफल, 15 को मिला एलीट + गोल्ड

**उज्जैन, 29 मई। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में डिजिटल और ई-लर्निंग आधारित आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रयास अब ऐतिहासिक उपलब्धियों में बदलने लगे हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज विश्वविद्यालय ने पाठ्यक्रमों में अग्रणी होने का गौरव प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।**

कुलगुरु प्रो. भारद्वाज की नई शिक्षा नीति (NEP 2020) पर कार्य करने की नीतियों के चलते विभिन्न अध्ययनशालाओं के विद्यार्थियों में मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (MOOCs) और स्वय (SWAYAM-NPTEL) पाठ्यक्रमों के प्रति उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब छात्र न्यूनतम क्रेडिट के बजाय अधिकाधिक क्रेडिट अर्जित करने की होड़ में हैं, जिससे परिसर में ऑनलाइन और कौशल-आधारित शिक्षा का एक नया दौर शुरू हो गया है। विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नवीन पाठ्यक्रमों और आधुनिक नीतियों के कारण इस वर्ष प्रवेश पंजीयन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

इससे जहां एक ओर विद्यार्थियों का ÷अकादमिक पलायन÷ पूरी तरह से रुक गया है, वहीं दूसरी ओर



विश्वविद्यालय का सकल नामांकन अनुपात (त्नश्वक्र) भी राष्ट्रीय औसत से अधिक हो गया है। इस पंजीयन के तुलनात्मक आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि,गत वर्ष कुल पंजीयन 429 था वहीं वर्तमान सत्र में आज दिनांक तक कुल पंजीयन 987 है।

कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इन पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई नई नीतियां शिक्षण पद्धति को अभूतपूर्व मजबूती दे रही हैं। इसी क्रम में, विश्वविद्यालय के प्रमुख कार्यक्रम दिशा (DISHA) के अंतर्गत इस अभियान को विशेष रूप से संचालित किया जा रहा है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र जनवरी-अप्रैल 2026 में विश्वविद्यालय के लगभग 4000 विद्यार्थियों ने इन पाठ्यक्रमों में अपना नामांकन करवाया, जिनमें से करीब 530 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) द्वारा आयोजित की गई इस ऑनलाइन परीक्षा के परिणामों में विश्वविद्यालय के 248 छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व सफलता हासिल कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।उत्कृष्ट प्रदर्शन की इस श्रृंखला में विश्वविद्यालय के 15 विद्यार्थियों ने ÷एलीट + गोल्ड÷ (Elite + Gold) तथा 55 विद्यार्थियों ने ÷एलीट + सिल्वर÷ (Elite + Silver) प्रमाणपत्र हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। डॉ. शर्मा ने एक और महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि सफल विद्यार्थियों को मूक्स परीक्षा का शुल्क भी रिफंड करने का निर्णय कार्य परिषद द्वारा लिया गया है, जिसके अंतर्गत यह कार्रवाई प्रचलित कर दी गई है। इस फ्लैगशिप कार्यक्रम के क्रियान्वयन में विश्वविद्यालय की एनपीटीईएल कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मेघा पाण्डेय का कहना है कि इन पाठ्यक्रमों में सतत समन्वय से विद्यार्थियों के बीच जागरूकता और सहभागिता का दायरा तेजी से बढ़ा है। इन संयुक्त और निरंतर प्रयासों के बदौलत वर्तमान में विश्वविद्यालय की विभिन्न अध्ययनशालाओं में कुल 21 लोकल चैप्टर्स सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं, जो विद्यार्थियों को सीधे राष्ट्रीय स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली ऑनलाइन शिक्षा से जोड़ रहे हैं। इस उपलब्धि कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मूक्स (MOOCs) और ÷स्वयम्÷ जैसे ऑनलाइन पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल विकास और रोजगार क्षमता को सशक्त बनाने में रीढ़ की हड्डी साबित हो रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि अधिक से अधिक छात्र डिजिटल शिक्षा के माध्यम से स्वयं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप ढालें।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की कार्यपरिषद सदस्य डॉ. राजेश सिंह कुशवाह ने भी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ÷दिशा÷ कार्यक्रम विद्यार्थियों को डिजिटल और नवाचार आधारित शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल साबित हुआ हैं। उल्लेखनीय है कि अभी नॉन-एनपीटीईएल मूक्स कोर्सेस के परीक्षा परिणाम आने शेष हैं, जिससे सफल छात्रों की संख्या में और अधिक इजाफा होने की पूरी उम्मीद है। विश्वविद्यालय प्रशासन का आगामी लक्ष्य नवाचार आधारित शिक्षा प्रणाली और ई-लर्निंग को नई दिशा देते हुए

# सिंहस्थ के कार्यों को तय समय सीमा के पहले करने के लिए संसाधन बढ़ाएं- संभागायुक्त श्री सिंह

**उज्जैन, 29 मई।** संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने शुक्रवार को सिंहस्थ 2028 के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान विभागों के माध्यम से कार्य प्रगति की जानकारी दी गई। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के तहत निर्माणाधीन विकास कार्यों के लिए जो समय सीमा तय है उससे पहले कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखते हुए संसाधन बढ़ाएं। बैठक में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री संतोष टैगोर, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री गोपाल डाड भी मौजूद रहे।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विभागों के माध्यम से विकास कार्यों का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागार में संभागायुक्त श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में कान्ह डायवर्शन परियोजना, सिलारखेड़ी परियोजना के कार्यों की प्रगति की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई। इसी तरह शिप्रा नदी के किनारों पर निर्माणाधीन नवीन घाट निर्माण के कार्यों की समीक्षा के दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि घाट निर्माण कार्य के दौरान निर्माण सामग्री की गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए।

लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सिंहस्थ क्षेत्र में निर्माणाधीन नवीन टू लेन, फोरलेन सड़क निर्माण और मार्ग चौड़ीकरण के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेकर समीक्षा की गई। इसी तरह लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग के माध्यम से निर्माणाधीन ब्रिज निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।

संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि ब्रिज निर्माण के कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय सीमा के पहले तैयार करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी को संसाधन बढ़ाकर कार्य किए जाएं, जिससे निर्माण कार्य तय समय के पहले भी पूर्ण कराएं जा सकें। संभागायुक्त श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिन विभागों को प्रोजेक्ट के नए प्लान तैयार किए जाने है वे विभाग टाईम लिमिट से कार्य करें।

बैठक के दौरान जल संसाधन, नामामि शिप्रे, भवन विकास निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंहस्थ डिवीजन, पीआईयू, राष्ट्रीय राजमार्ग, सड़क विकास निगम सहित अन्य विभागों के प्रचलित कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# सभी बैंक शासकीय हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रकरणों को तेज़ गति से निराकृत करें-कलेक्टर



**उज्जैन 29 मई।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शुक्रवार को सभी बैंक अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक ली ।

बैठक में बैंकों में शासकीय योजनाओं के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरणों का निराकरण तेज़ गति से किया जाए। सभी बैंक अगली बार पूरी जानकारी के साथ बैठक में आएं।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ मुख्य श्री श्रेयांश कूमट, एलडीएम श्री संजीव कुमार मिश्रा एवं एलडीओ आरबीआई श्री राम पोरवाल भी मौजूद रहे।

बैठक में शासन की योजनाओं के विषय में विभाग वार समीक्षा की गई। जिसमें उद्यम क्रांति योजना, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया, पीएमएफएमई, मत्स्य-पालन, डेरी पशुपालन योजना, डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना ,डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं आजीविका मिशन स्वयं सहायता समूह, डे एनयूएलएम विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय के साथ जिले के शासकीय ऋष्ठा योजनाओं के लक्ष्य को प्राप्त करें। कलेक्टर ने विभिन्न बैंकों में शासकीय ऋष्ठा योजनाओं के लंबित प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि विभागों के अंतर्गत आने वाली शासकीय योजनाओं के अंतर्गत विभाग बैंकों में आवेदन लगवाएं और देखें कि आवेदन स्वीकृत होने में क्या समस्या आ रही है, पहले उसकी जांच कर लें। इसी क्रम में आरबीआई एलडीएम श्री राम पोरवाल के द्वारा सभी शासकीय योजनाओं व वित्तीय साक्षरता पर प्रकाश डाला गया। साथ ही सभी ऋष्ठा लक्ष्यों को प्राप्त करने को कहा गया।

बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं के लक्ष्यों को पूर्ण कर खाताधारकों को जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया जाए ।

## पांचवीं कक्षा की छात्रा ने देशभर में हासिल किया 26वां स्थान

**उज्जैन।** जिले की प्रतिभाशाली छात्रा स्वरा गुप्ता ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित स्पेलबी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर का मान बढ़ाया है। पांचवीं कक्षा की इस छात्रा ने देश के सभी विद्यार्थियों के बीच 26वां स्थान और अपनी कक्षा (पांचवीं) के सभी विद्यार्थियों में देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। कठिन शब्दों की स्पेलिंग और भाषाई कौशल का हुआ परीक्षण यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता पूरे देश भर में आयोजित की गई थी। इस स्पर्धा में मुख्य रूप से अंग्रेजी के कठिन शब्दों की स्पेलिंग, शब्द ज्ञान और विद्यार्थियों के भाषाई कौशल का कड़ा परीक्षण किया जाता है।

परिवार और विद्यालय में हर्ष का माहौल देवास रोड स्थित ज्ञानसागर अकादमी की छात्रा स्वरा की इस सफलता से उनके परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। स्वरा के पिता पंकज गुप्ता और माता प्रियंका गुप्ता के साथ ही उनके दादा सुरेश प्रसाद गुप्ता और दादी सुषमा गुप्ता ने भी बिटिया की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है।

# एमपी ट्रांसको के नवागत अभियंताओं को दी जा रही है मेंटोर आधारित रोटेशनल ट्रेनिंग

**उज्जैन,29 मई।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा नवागत सहायक अभियंता (पारेषण) प्रशिक्षुओं के कौशल विकास और व्यावहारिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से ÷मेंटोर आधारित रोटेशनल ट्रेनिंग मॉड्यूल÷ के अंतर्गत उन्हें कॉर्पोरेट ऑफिस के विभिन्न संकायों एवं कार्यालयों में रोटेशनल ट्रेनिंग दी जा रही है।

नागपुर में संस्थागत प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके इन नवागत इंजीनियरों को केवल तकनीकी प्रशिक्षण ही नहीं, बल्कि अनुभवी विशेषज्ञ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कंपनी की कार्यप्रणाली, परियोजना प्रबंधन, मानव संसाधन, टेस्टिंग, वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं की भी व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है।

**6 समूहों में दी जा रही है ट्रेनिंग**-कुल 55 प्रशिक्षुओं को 6 समूहों में विभाजित किया गया है। जिन्हें कंपनी द्वारा नियुक्त वरिष्ठ एवं विशेषज्ञ अधिकारियों के मेंटर पैनल द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मेंटर अधिकारी प्रशिक्षुओं के कार्य का मूल्यांकन कर अपनी प्रतिवेदन रिपोर्ट कंपनी प्रबंधन को उपलब्ध कराएंगे।

## लायंस क्लब उज्जैन अशोक की नई कार्यकारिणी घोषित

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन अशोक की मासिक साधारण सभा में आगामी सेवा वर्ष 2026-27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। बैठक में लायन दिग्विजय सिंह चौहान को क्लब का नया अध्यक्ष चुना गया है। वहीं, लायन शशांक भट्ट को सचिव और लायन पंकज गेरा को कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। नवीन कार्यकारिणी में लायन आर.एस. परमार, लायन गुरमीत सिंह राठौर और लायन नितेंद्र रघुवंशी को उपाध्यक्ष तथा लायन संजीव भाई आचार्य को सह-सचिव नियुक्त किया गया है। बैठक के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (इलेक्ट) लायन महेश मालवीय द्वारा लायन दीपक शाह को झोन चेयरपर्सन एवं लायन संजीव गडकरी को रीजन चेयरपर्सन नियुक्त किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों ने वरिष्ठ सदस्य लायन सुभाषचंद्र दुबे का जन्मदिन भी हर्षोल्लास के साथ मनाया। क्लब के वर्तमान अध्यक्ष एमजेएफ लायन चिराग शाह ने नवीन कार्यकारिणी और नियुक्तियों की जानकारी दी।

# श्री चक्र साधना महोत्सव का महाकालहरसिद्धि व कालभैरव को दिया निमंत्रण



**उज्जैन।** जनकल्याण एवं विश्वकल्याण की भावना व आध्यात्मिक चेतना विस्तार के उद्देश्य से इंदौर के विद्या धाम द्वारा श्री चक्र साधना महोत्सव का आयोजन 4 जून नरसिंह वाटिका विमानतल रोड पर दोपहर 3 से रात 8 बजे तक होगा। मूल रूप से भगवती देवी मां जगदंबा को समर्पित इस अनुष्ठान का प्रथम निमंत्रण अनुष्ठान के प्रमुख संकल्पकर्ता आचार्य प्रशांत अग्निहोत्री महाराज ब्रह्मचारी ने उज्जैन आकर देश के 52 शक्तिपीठों में एक प्रसिद्ध हरसिद्धि मंदिर में दिया। उन्होंने भगवान महाकाल के भी दर्शन किए व मंदिर में पंडे-पुजारियों के जरिए निमंत्रण पत्र गर्भगृह में अर्पित किया। महाराज ने बताया कि श्री श्री विद्याधाम पीठाधीश्वर अनंत विभूषित स्वामी श्री गिरिजानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रीविद्या, श्रीचक्र साधना महोत्सव की शुरुआत की थी। माँ हरसिद्धि को श्रीविद्या परंपरा में महाशक्ति का साक्षात् केंद्र माना है तो भगवान महाकाल काल के अधिपति है और कालभैरव उनके सेनापति इसलिए इन तीनों प्रमुख स्थानों पर निमंत्रण प्रदान किया।

# ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में आज मोगरा एवं आम महोत्सव



**उज्जैन।** उज्जैन के शिप्रा तट स्थित प्राचीन श्री ऋष्टामुक्तेश्वर महादेव मंदिर पर मोगरा एवं आम महोत्सव का आयोजन आज शनिवार को भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में होगा। श्री ऋष्टामुक्तेश्वर महादेव मंदिर के गादीपति महंत श्री महावीरनाथ जी महाराज ने बताया कि शनिवार की शाम 7 बजे से महोत्सव शुरू होगा। इस अवसर पर ढोल-नगाड़ों से महाआरती की जाएगी। भगवान श्री ऋष्टामुक्तेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार होगा। मोगरे की कलियों से मंदिर सजेगा। वहीं आम महाभोग अर्पित किया जाएगा। अधिकमास के पावन अवसर पर यह महोत्सव किया जा रहा है। श्री ऋष्टामुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिवार ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में मोगरा व आम महोत्सव में शामिल होकर दर्शन कर पुण्य लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# 31 मई को उज्जैन आएंगे शिवसेना युवासेना के राष्ट्रीय सचिव किरण दादा साली

**उज्जैन।** शिवसेना युवासेना मध्यप्रदेश के राज्य प्रमुख अनुराग सोनार ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मई को शिवसेना युवासेना के राष्ट्रीय सचिव किरण दादा साली उज्जैन आगमन करेंगे। उनके स्वागत एवं विभिन्न आयोजनों को लेकर संगठन द्वारा विस्तृत एवं भव्य तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल से लेकर स्वागत रूट तक सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से अंतिम रूप दिया जा चुका है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश कार्यकारिणी बैठक, उज्जैन संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन, युवा महोत्सव एवं महाकाल आरती का आयोजन किया जाएगा।

राज्य प्रमुख अनुराग सोनार ने बताया कि कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु अलग-अलग जिम्मेदारियों का बारीकी से विभाजन करते हुए विभिन्न प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। संगठन के वरिष्ठ नेताओं को आयोजन स्थल की समस्त व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि कार्यक्रम अनुशासित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके लिए जिला प्रभारियों को विशेष जिम्मेदारियाँ दी गई हैं। भोजन व्यवस्था, मंच संचालन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत व्यवस्था एवं महाकाल आरती सहित सभी व्यवस्थाओं को भव्य स्वरूप देने हेतु विशेष तैयारी की गई है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11.30 बजे भक्ति भाव से भजन संध्या के साथ किया जाएगा। मुख्य अतिथियों का आगमन एवं मुख्य सत्र दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे तक चलेगा तथा सभी उपस्थित साथियों के लिए भोजन व्यवस्था भी रहेगी।

भजन संध्या के अंतर्गत प्रसिद्ध भजन गायक पंडित रूपम जोशी द्वारा भक्तिमय एवं सुमधुर प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी, जिससे सम्पूर्ण वातावरण आध्यात्मिक एवं भक्तिमय हो जाएगा। यह कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। आयोजन में समस्त पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता, शिवसैनिक साथियों सहित हिंदू समाज के गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही डिजिटल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के समस्त मीडिया कर्मी साथियों को भी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया गया है। शिवसेना (शिंदे गुट) युवासेना के उज्जैन जिला अध्यक्ष लखन चौहान एवं उज्जैन जिला प्रभारी प्रवीण शर्मा ने संयुक्त रूप से सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह किया है। संगठन द्वारा इस सम्पूर्ण आयोजन को भक्ति, अनुशासन एवं संगठनात्मक शक्ति के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप देने का लक्ष्य रखा गया है।

# ग्राम पंचायत पीरझालार में सफलता पूर्वक चेकडेम का निर्माण किया गया

**उज्जैन,29 मई।** जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद बड़नगर की ग्राम पंचायत पीरझलार में एक चेकडेम का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह चेकडेम जल संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में स्थायी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित हो रहा है।

इस कार्य की कुल लागत 10 लाख रुपये है और इसकी जल भंडारण क्षमता 10800 घन मीटर है। चेकडेम पुराने मार्ग नाले पर बनाया गया है।

चेकडेम के निर्माण से आसपास के 60 से अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में भूजल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। आसपास के लगभग 12 ट्यूबवेल भी बेहतर तरीके से रिचार्ज होंगे। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अब इस क्षेत्र में 12 महीने तक पानी उपलब्ध रहने की संभावना बढ़ गई है जिससे किसानों की फसलों में स्थिरता आएगी और सूखे की स्थिति में भी सहायता मिल सकेगी।

इस चेकडेम से वर्षा जल का प्रभावी संरक्षण होगा, भूजल स्तर बढ़ेगा, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, पशुधन के लिए जल उपलब्ध रहेगा, आसपास की भूमि की नमी बनी रहेगी और अंततः किसानों की आय में वृद्धि होगी।

ग्राम पंचायत पीरझलार द्वारा बेहद प्रभावी ढंग से पूरे किए गए इस कार्य ने जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास का एक जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया है। जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐसे कार्य क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आज लगेगा निःशुल्क दंत व मुख परीक्षण शिविर

**उज्जैन।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस 31 मई के उपलक्ष्य में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा द्वारा शनिवार 30 मई को निशुल्क दंत एवं मुख परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर संजीवनी अस्पताल में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगेगा। इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन शाखा के अध्यक्ष डॉ. निहित सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में शहर के वरिष्ठ दंत चिकित्सक मरीजों के मुख और दांतों की जांच कर आवश्यक परामर्श देंगे। यह स्वास्थ्य शिविर तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट और गुटखा का सेवन करने वालों के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा। शिविर में मुख कैंसर की प्रारंभिक जांच की जाएगी, जिससे समय रहते इस गंभीर बीमारी की पहचान कर इससे बचाव किया जा सके। जांच व परामर्श के अलावा विशेषज्ञों द्वारा लोगों को तंबाकू की लत छोड़ने के उपाय भी विस्तार से बताए जाएंगे। संस्था ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने की अपील की है। शिविर में इंडियन डेंटल एसोसिएशन उज्जैन के सचिव डॉ. अंकित बाबर, कोषाध्यक्ष डॉ. अपूर्व धारीवाल के साथ ही संजीवनी अस्पताल की ओर से डॉ. तुषार बंसल, डॉ. मोनिका श्रीवास्तव और डॉ. नमिता अग्रवाल विशेष रूप से सहयोग देंगे।

# विक्रमनगर में जलसंकट 400 परिवार परेशान



**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** उज्जैन के विक्रमनगर क्षेत्र की गांधीनगर और आसपास की कॉलोनियों में भीषण जलसंकट है। यहां करीब 400 परिवार वर्षों से नियमित पानी की आपूर्ति और नल कनेक्शन का इंतजार कर रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही स्थिति और गंभीर हो गई है, जिससे लोगों की दिनचर्या पानी के इंतजार में बीत रही है।

निवासियों का आरोप है कि क्षेत्र में नियमित जल आपूर्ति न होने के कारण वे पूरी तरह से पीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) विभाग के पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। हालांकि, ये टैंकर भी दो से तीन दिन में एक बार ही पहुंचते हैं। टैंकर आने पर पानी भरने के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन जाता है। लोग अपने घरों के बाहर ड्रम, केन, बाल्टियां और लंबी पाइप लेकर इंतजार करते रहते हैं। गांधीनगर में जैसे ही पानी का टैंकर पहुंचता है, गलियों में भीड़ उमड़ पड़ती है। महिलाएं, बुजुर्ग, बच्चे और मजदूर सभी पानी भरने के लिए टैंकर की ओर दौड़ पड़ते हैं। कई लोग चलते टैंकर में पाइप डालकर पानी भरते हैं, जबकि कुछ टैंकर पर चढ़ जाते हैं। पानी भरने की होड़ में अक्सर धक्का-मुक्की और विवाद की स्थिति भी बन जाती है।

# महाकाल मंदिर में सगाई की रस्म निभाई वीडियो वायरल

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** महाकाल मंदिर में कई श्रद्धालु प्रतिबंध के बावजूद मंदिर में प्रवेश से लेकर भगवान के दर्शन तक की रील बनाकर पोस्ट करते हैं। लेकिन, दिल्ली के दो भक्तों ने न सिर्फ रील बनाई, बल्कि एक-दूसरे को रिंग पहनाकर सगाई करने का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर पोस्ट भी कर दिया। मामला नंदी हॉल के पास पहले बैरिकेड का है। वीडियो में महाकाल शिवलिंग के सामने युवक पहले युवती को रिंग पहनाता नजर आ रहा है, वहीं बाद में युवती भी युवक को रिंग पहनाकर सगाई की रस्म निभाती दिखाई दे रही है। यह वीडियो पुलकित मल्होत्रा और गित्री खंडूजा ने अपनी इंस्टा आईडी पर पोस्ट किया था। जिसमें लिखा है, 'जब महाकाल राजी तो क्या करेगा काजी।' वीडियो में युवक और युवती प्रोटोकॉल वाले रास्ते से मंदिर में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि इस दौरान किसी ने भी उन्हें वीडियो बनाने से नहीं रोका। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर मंदिर में प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद गणेश मंडपम के पास पहले बैरिकेड से दर्शन करते हुए दोनों एक-दूसरे को डिब्बे से रिंग निकालकर पहनाते हैं।

# जल संकट के बीच जेसीबी ने फोड़ी पाइपलाइन

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** उज्जैन में शुक्रवार सुबह करीब 4:30 जेसीबी की खुदाई के दौरान गंभीर की मेन पाइपलाइन फूट गई। जिससे




लाखों गैलन पानी कई घंटों तक बहता रहा। घटना के दौरान पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। मामले में नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई, लेकिन निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, दोपहर 12 बजे मेन पाइपलाइन जोड़ दी गई।

जानकारी के अनुसार, शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए करीब 11 अरब रुपए की हरियाखेड़ी परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसी दौरान लापरवाही के कारण गंभीर की मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से पुराने शहर के केवल 20 प्रतिशत घरों में ही पानी की सप्लाई हो सकी।

बताया गया कि खुदाई के समय इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं था। इसी वजह से जेसीबी चालक ने गंभीर की मेन राइजिंग लाइन तोड़ दी। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सब इंजीनियर आशीष जाट और प्रभारी शिवम दुबे मौके पर मौजूद नहीं थे, जबकि उन्हें वहां रहना चाहिए था। जिस स्थान पर नई पाइपलाइन डाली जा रही थी, उसके पास से ही गंभीर की मेन राइजिंग लाइन गुजर रही थी। लाइन फूटते ही सैकड़ों गैलन पानी बह निकला। जल सप्लाई प्रभावित होने की सूचना मिलने पर एमआईसी सदस्य रजत मेहता और शिवेंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे।

## बाबा- बंम - बंम लहरी....

# सिंहस्थ..विकास...सौगात.. धन्य हो सरकार !



बाबा बम बम लहरी नित्य की तरह ही अपने आश्रम के कक्ष में सुबह सबेरे विराजमान हो गए थे..तभी बाबा ने अपनी बात को शुरू करते हुए शिष्यों से कहा- सिंहस्थ.. विकास.. .सौगात..धन्य हो सरकार...हां बाबा सरकार धन्य है कि विकास कार्यों की सौगातें एक के बाद एक हमारे शहर में मिल रही है। एक शिष्य ने कहा। बाबा आगे बोले- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सिंहस्थ 2028 के विश्व स्तरीय भव्य आयोजन के लिए शहर में विकास कार्यों की सौगातें मिली है। बाबा आगे बोले- निर्माणाधीन कार्यों के पूर्ण होने के बाद सिंहस्थ के दौरान आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के साथ ही स्थानीय आम जनों को भी सुविधा मिलेगी। निर्माण कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर प्रशासन द्वारा गुणवत्ता पूर्ण और तेज गति से निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने पर जोर दिया जा रहा है।बाबा ने बात को लगभग खत्म करते हुए कहा सिंहस्थ- 2028 में पूरी दुनिया के श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। राज्य सरकार इसके लिए सभी तैयारियों को समय रहते हुए पूरा कर रही है। उज्जैन बाबा महाकाल और सम्राट विक्रमादित्य की नगरी है। सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत महाकाल की नगरी में सड़क, सीवर, स्वच्छ पेयजल सहित सभी बुनियादी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। हां बाबा सभी ने एक स्वर में कहा। बाबा ने भी बात को खत्म किया..जय हो बाबा बम बम लहरी..बम बम लहरी

# सुरेश उपहार और हरसिद्धि रेस्टोरेंट पर खाद्य विभाग का एक्शन

## किचन में मिली गंदगी, पनीर, जलेबी और लस्सी के नमूने लेकर थमाया नोटिस

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज। उज्जैन में खाद्य विभाग की संभागीय टीम ने हरसिद्धि मंदिर के पास संचालित रेस्टोरेंट्स में जांच की। जांच के दौरान हरसिद्धि रेस्टोरेंट में कई अनियमितताएं पाए जाने पर पनीर, जलेबी, लस्सी और दही के नमूने लेकर रेस्टोरेंट संचालक को नोटिस दिया गया। वहीं, सुरेश उपहार गृह एवं रेस्टोरेंट में भी जांच के दौरान अमानक घी मिलने पर नमूने लेकर कार्रवाई की गई।**




शुक्रवार दोपहर को हरसिद्धि माता मंदिर के पास संचालित हरसिद्धि रेस्टोरेंट और सुरेश उपहार गृह में संभागीय खाद्य विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए जांच की। जांच के दौरान सुरेश उपहार गृह एवं रेस्टोरेंट में रोटी पर लगाए जा रहे घी की जांच की गई, जो अमानक डालडा निकला।

इसके बाद टीम ने कार्रवाई करते हुए घी के नमूने लिए। वहीं, हरसिद्धि रेस्टोरेंट के किचन में गंदगी सहित कई अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने यहां से पनीर, जलेबी, दही और लस्सी के सैंपल लेकर भोपाल लैब में जांच के लिए भेजने की बात कही।

दरअसल, खाद्य विभाग के संभागीय दल में बसंत शर्मा, बीएस जामोद, प्रदीप लकड़े, बीएस देवलिया और सरेंडर सिंह मौजूद रहे। खाद्य अधिकारी बसंत शर्मा ने बताया कि महाकाल मंदिर के आसपास रोजाना हजारों की संख्या में श्रद्धालु अलग-अलग रेस्टोरेंट्स में भोजन ग्रहण करते हैं। श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए टीम ने संबंधित रेस्टोरेंट संचालकों पर कार्रवाई करते हुए नोटिस थमाया है।

# आखिरकार निजातपुरा चौड़ीकरण कब तक पूरा होगा ?

## कई जगह नालियां ही नहीं बनी

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** निजातपुरा कोयला फाटक क्षेत्र में एक वर्ष से अधिक काम शुरू हुए हो चुका है लेकिन अभी तक यहाँ सामान्य स्थिति नहीं बन पाई है।

कोयला फाटक से खड़े हनुमान तक का चौड़ीकरण का काम पिछले साल 13 मई से शुरु हुआ था, लेकिन 380 दिन गुजर जाने के बाद भी कोयला फाटक से लेकर कोतवाली भवन तक यह काम पूरा नहीं हो पा रहा है। अभी भी सड़क बनने के बाद पोल शिफ्टिंग और नाली निर्माण तक अधूरे हैं। पूरे मार्ग में बार बार पानी की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। उल्लेखनीय है कि कोयला फाटक से निजातपुरा होते हुए कोतवाली के सामने से लेकर खड़े हनुमान तक सड़क चौड़ीकरण का काम पिछले साल 13 मई से आरंभ हुआ था।

शुरु के लगभग 4 महीने में तोड़े गए मकानों का मटेरियल तक समय से नहीं उठ रहा था और बाद में हालांकि कोयला फाटक से लेकर निजातपुरा तक सड़क निर्माण कार्य शुरु कर दिया गया था। नरेन्द्र टॉकिज तिराहे तक सड़क निर्माण का काम भी हो चुका है लेकिन इस क्षेत्र में अभी भी विद्युत पोल की शिफ्टींग और नाली निर्माण का काम कई जगह पूरा नहीं हुआ है।

अभी भी अनेक घरों के सामने नाली पूरी तरह चौक हो चुकी है और घर के सामने नाली का गंदा पानी फैला हुआ है जिससे बहुत मच्छर हो रहे हैं। लोग घर से निकलने के लिए अपने संसाधनों से रास्ता बना रहे हैं। इधर कंठाल चौराहे से लेकर सती गेट तक मकानों की तुड़ाई करीब करीब पूरी हो चुकी है और काम शुरु कर दिया गया है।

नरेन्द्र टॉकिज से लेकर कंठाल चौराहे तक पैदल चलने लायक मार्ग भी नहीं बन पाया है। कुल मिलाकर इस मार्ग का काम शुरु हुए 380 दिन गुजर चुके हैं। लोगों का कहना है कि कोयला फाटक से लेकर नरेन्द्र टॉकिज तिराहे तक सड़क बनने के बावजूद व्यवस्थित आवागमन अधूरे नाली निर्माण के कारण शुरु नहीं हो पा रहा है।

# रू. लेकर भागने वाले ड्रायवर-हेल्पर को लाठियों से पीटकर घायल किया

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** बस पर हेल्परी करने वाला युवक ड्रायवर के साथ धार्मिक यात्रा पर गया था। बीच रास्ते में ड्रायवर रुपए लेकर भाग गया।

बस मालिक ने काम छोड़ चुके हेल्पर को अपने घर बुलाया और बुरी तरह लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। बस मालिक का कहना था कि रुपए उसे लौटाने होंगे।

मोहन नगर में रहने वाला राजेश पिता मोहनलाल माली कुछ माह पहले बीके यादव बस पर हेल्पर और कंडक्टरी का काम करता था। कुछ समय पहले बस धार्मिक यात्रा पर भेजी गई थी। राजेश ड्रायवर कुलदीप के साथ गया था।

सनावद पहुंचने के बाद ड्रायवर 12 हजार रुपए लेकर भाग निकला। जिसके चलते यात्रा में परेशानी खड़ी हो गई। बस मालिक द्वारा यात्रा को पूरी कराया गया।

इस दौरान कंडक्टर ने भी काम छोड़ दिया और चाय की दुकान पर काम करने लगा। कल शाम बस मालिक ने काम छोड़ चुके कंडक्टर राजेश की तलाश शुरू कराई और उसे कोयला फाटक स्थितं चाय की दुकान से दूसरे ड्रायवर कुलदीप के माध्यम से अपने निकास चौराहा स्थित घर बुला लिया।

जहां राजेश के साथ बुरी तरह मारपीट की गई और ड्रायवर द्वारा लेकर भागे गए रुपए लौटाने का दबाव बनाया गया। राजेश ने रुपए देने से इंकार किया तो उसे और अधिक पीटा गया जिसके चलते वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलने पर घायल के बयान दर्ज किए हैं।

# 31 को अधिकमास की पूर्णिमा

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** हिंदू कैलेंडर के अनुसार, पूरे 3 साल बाद इस वर्ष अधिक मास (मलमास) का पावन आगमन हुआ है। इस विशेष महीने के अंतर्गत आने वाली अधिक पूर्णिमा को बेहद दुर्लभऔर फलदायी माना गया है। वर्ष में यह पवित्र तिथि 31 मई को मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु और धन की देवी माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। ज्योतिषविदों का मानना है कि इस दिन की गई कुछ छोटी गलतियां साधक को बड़े नुकसान में डाल सकती हैं।

# अब उज्जैन के नलों में नर्मदा का जल आयेगा

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** जल संकट के मुहाने पर खड़े उज्जैन को कुछ राहत मिली है। पाइपलाइन के जरिए नर्मदा का पानी उज्जैन पहुंच चुका है। फिलहाल शहरवासियों को प्रतिदिन पानी मिलता रहेगा।

शहर में जल सप्लाई का मुख्य स्त्रोत गंभीर डेम सूख चुका है। शहर की प्यास बुझाने वाले गंभीर डेम की हालत यह है कि अब नाममात्र का पानी बचा हुआ है। गंभीर डेम पर ग्रामीण क्षेत्र के लिए नल-जल योजना के तहत बनाए इंटेक में नर्मदा को पानी आ गया। ग्रामीण क्षेत्र की नल-जल योजना के चलते गंभीर डैम पर इंटेक बनाया गया है। इससे नर्मदा का पानी ले सकते हैं और गंभीर डैम फुल होने पर पानी वापस भी दे सकते हैं। इसी योजना के तहत नर्मदा से पानी गंभीर डेम में आ गया है। प्रतिदिन पानी नर्मदा से आता रहेगा, जिससे शहर में जल सप्लाई में दिक्कत नहीं होगी। नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण और पीएचई के समन्वय से नर्मदा की पाइप लाइन को गंभीर डेम से जोडा गया है। नर्मदा की यह पाइप लाइन नर्मदा-मालवा लिंक प्रोजेक्ट की है। यह पाइंट फिल्टर प्लांट से करीब 9 किमी दूरी पर है। पाइपलाइन से 15 क्यूसेक (15 घन मीटर प्रति सेकंड) नर्मदा का जल लिया जाएगा।

# ग्राम सोडंग की जमीनों का मुआवजा कम क्यों

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** जावरा फोरलेन में आ रहे गाँवों में अन्य गाँवों की जमीन के अधिक भाव मालिकों को दिए गए लेकिन इसी रोड पर आ रहे ग्राम सोडंग में जिन लोगों की जमीन आ रही है, उन्हें काफी कम मुआवजा मिल रहा है जिससे आक्रोशित होकर ग्रामीण महिला पुरुषों ने धरना दिया। इस दौरान पुलिस भी पहुँच गई थी।

इस विसंगति से ग्रामीणों में आक्रोश छा गया और उन्होंने मुआवजा राशि एक समान देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि जब दूसरे ग्राम के लोगों को जमीन का अधिक मुआवजा मिल रहा है तो हमें कम राशि को स्वीकृत की जा रही है। दो दिन पहले हुए धरना प्रदर्शन में ग्राम के महिला-पुरुष और सभी वर्ग के लोग मौजूद थे। पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गई थी और धरना दे रहे ग्रामीणों को समझाईश दी। काफी देर की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त दिया। ग्रामीणों ने कहा कि अगर उन्हें वाजिब मुआवजा नहीं मिला तो वे उग्र प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि जावरा फोरलेन में विभिन्न ग्रामों के किसानों की जमीन आ रही है और सोडंग के ग्रामीणों को मुआवजा राशि काफी स्वीकृत की गई है।

# मौन तीर्थ पहुंची ख्यातिप्राप्त भजन एवं फिल्म ग़ज़ल गायिका सुश्री मोनिका



**उज्जैन।** लखनऊ की ख्यातिप्राप्त भजन एवं फिल्म ग़ज़ल गायिका सुश्री मोनिका ने आज श्री मौनतीर्थ पीठ, उज्जैन पहुंचकर पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर स्वामी श्री डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम परिसर में विराजित 108 वर्षीय अखण्ड महामृत्युंजय महायज्ञ के दर्शन लाभ लेकर वैदिक परंपरा और आध्यात्मिक साधना के इस अद्वितीय केंद्र के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। श्री मौनतीर्थ पीठ पहुंचने पर आश्रम परिवार द्वारा सुश्री मोनिका का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने आश्रम में संचालित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा अखण्ड रूप से प्रज्ज्वलित महामृत्युंजय महायज्ञ की महिमा के बारे में भी जाना। उन्होंने कहा कि श्री मौनतीर्थ पीठ का आध्यात्मिक वातावरण अत्यंत दिव्य एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण है, जहां पहुंचकर मन को अद्भुत शांति और आत्मिक संतोष की अनुभूति होती है।इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर स्वामी श्री डॉ. सुमनानंद गिरि जी महाराज ने सुश्री मोनिका को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं संगीत साधना में निरंतर प्रगति की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। गुरुदेव ने उन्हें आशीर्वाद स्वरूप मां राजराजेश्वरी का पावन चित्र भेंट किया तथा उत्तरीय ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया। गुरुदेव ने कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि ईश्वर तक पहुंचने का एक प्रभावशाली साधन भी है। जब संगीत भक्ति और आध्यात्मिक भावनाओं से जुड़ता है, तब वह जनमानस को सकारात्मक दिशा प्रदान करने का कार्य करता है। उन्होंने कलाकारों को भारतीय संस्कृति, अध्यात्म एवं सनातन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बताया। सुश्री मोनिका ने गुरुदेव के सान्निध्य को अपने लिए सौभाग्य बताते हुए कहा कि उन्हें श्री मौनतीर्थ पीठ आकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है। उन्होंने कहा कि यहां की आध्यात्मिक ऊर्जा, साधना और धार्मिक वातावरण ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है।

**मौन तीर्थ गंगाघाट में चल रहे 108 वर्षीय अखंड यज्ञ की विभूति का चमत्कार-** मौन तीर्थ गंगाघाट में जारी 108 वर्षीय अखंड यज्ञ की पवित्र विभूति को लेकर चमत्कार और आस्था की चर्चा तेज हो गई है। शाजापुर निवासी अज्जू भाई की स्वास्थ्य लाभ की घटना इन दिनों श्रद्धालुओं के बीच विशेष चर्चा का विषय बनी हुई है। मौन तीर्थ पीठ के पीआरओ शीतलकुमार अक्षय ने जानकारी देते हुए बताया कि अज्जू भाई ने अपने साथ हुए विभूति के इस चमत्कार की जानकारी स्वयं मौन तीर्थ के पीठाधीश्वर और महामंडलेश्वर डॉक्टर सुमनानंद गिरी जी महाराज को दी है। अज्जू भाई ने बताया कि वे लंबे समय से दोनों हाथों में एक विचित्र और गंभीर रोग से पीड़ित थे। कई जगह उपचार कराने के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिल रही थी। इसी दौरान किसी परिचित ने उन्हें मौन तीर्थ गंगा घाट जाने की सलाह दी। भले ही उनका धर्म अलग था, लेकिन उन्होंने पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ मौन तीर्थ पहुंचने का निर्णय लिया। मौन तीर्थ पहुंचकर अज्जू भाई ने पीठाधीश्वर सुमनानंद गिरी जी से मुलाकात की। अज्जू भाई का यह कहना है कि वह उज्जैन पहुंचे लेकिन मन में संकोच भी था, क्योंकि मैं अलग मजहब से था। लेकिन जब पहली बार गुरुदेव के दर्शन किए, तो लगा जैसे किसी अपने के सामने खड़ा हूँ। वहाँ न जाति थी, न पंथ, न कोई भेदज केवल करुणा थी। मौन तीर्थ पीठाधीश्वर डॉक्टर सुमनानंद गिरी जी महाराज ने अज्जू भाई की समस्या सुनी और उन्हें अखंड यज्ञ की पवित्र विभूति प्रदान करते हुए कहा – ÷श्रद्धा और विश्वास से इसे ग्रहण करना।

# ट्रेक्टर के नीचे दबने से तीन वर्षीय बालिका की मौत

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** मजदूर परिवार के साथ आई तीन साल की मासूम पर खेलते समय निर्माण कार्य में लगे ट्रेक्टर का पहिया चढ़ गया। दबने से मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेक्टर जप्त कर लिया है। आज सुबह मासूम बालिका का पोस्टमार्टम कराया गया।



महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि धार के ग्राम सेवरीमाल ग्राम पंचायत भडकिया का रहने वाला प्यारेसिंह अपनी पत्नी और दो मासूम बेटियों के साथ कुछ माह पहले सड़क निर्माण कार्य में मजदूरी के लिए ग्राम गोंसा आया था। निर्माण कार्य नारायणदास फूलचंद मिश्रा की महू स्थित कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बीती शाम गाँसा में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। जहां प्यारेसिंह की 3 साल की बालिका वंशिका खेल रही थी।

उसी दौरान निर्माण कार्य में लगा ट्रेक्टर चालक द्वारा रिवर्स लिया गया, खेल रही वंशिका पहिये की चपेट में आ गई। गंभीर घायल होने पर वंशिका को चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज दिया।

मामले की जानकारी लगते ही महाकाल थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और माता-पिता से पूछताछ के बाद मामले में मर्ग कायम किया। आज सुबह बालिका का पोस्टमार्टम कराया गया है। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि घटना के बाद चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग निकला था जो निर्माण कार्य कंपनी से ही जुड़ा होना सामने आ रहा है जिसकी तलाश की जा रही है।

# डी-मार्ट पर निगम ने ठोका 10 हजार का जुर्माना

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** खुले में कचरा फेंककर शहर की सूरत बिगाड़ने वालों के खिलाफ अब सबूत के साथ ऑन-द-स्पॉट कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शॉपिंग मॉल डी-मार्ट पर 10 हजार रुपये का स्पॉट फाइन (जुर्माना) लगाया है।

गुरुवार सुबह जोन 6 के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता निरीक्षक और दरोगा क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का रूटीन निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें इंजीनियरिंग कॉलेज ग्राउंड के परिसर में कचरे का एक बड़ा ढेर दिखाई दिया। जब स्वच्छता टीम ने कचरे के ढेर की बारीकी से जांच की, तो उसमें से ऐसे सुराग मिले जो सीधे डी-मार्ट की तरफ इशारा कर रहे थे। कचरे में डी-मार्ट के ब्रांड वाले तेल के पाउच, मॉल की रेट लिस्ट के कागज, डिस्पोजल ग्लास और अन्य सामग्री पाई गई। जब नगर निगम का अमला चालान लेकर सीधे डी-मार्ट पहुंचा, तो शुरुआत में मॉल के मैनेजर ने साफ पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह कचरा हमारा नहीं है। लेकिन नगर निगम की टीम पूरी तैयारी के साथ गई थी। स्वच्छता निरीक्षक और दरोगा ने जब मैनेजर के सामने साक्ष्य के रूप में मौके का वीडियो दिखाया, जिसमें डी-मार्ट की सामग्रियां साफ दिखाई दे रही थीं तो मैनेजर निरुत्तर हो गए। वीडियो देखने के बाद मैनेजर ने अपनी गलती स्वीकार की, तुरंत जुर्माने की राशि भरी और लिखित आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी और शहर की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# पेट्रोल पम्पों से करोड़ों की टैक्स वसूली

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** बीते एक पखवाड़े में ही पेट्रोल-डीजल की कीमतें चार बार केन्द्र सरकार ने बढ़ा दी, दूसरी तरफ प्रदेश की भाजपा सरकार सबसे अधिक वसूली कर रही है।

पेट्रोल पर 29 फीसदी वैट के अलावा अतिरिक्त टैक्स और 1 फीसदी सेस भी वसूला जा रहा है, तो डीजल पर 19 फौसदी वैट के साथ डेढ़ रुपए एडिशनल अतिरिक्त कर और 1 फीसदी सेस लिया जा रहा है, जिसके चलते रोजाना 45 करोड़ रुपए सरकारी खजाने में आ रहे हैं। सालभर में पेट्रोल-डीजल पर ही 30 फीसदी से अधिक टैक्स थोपकर प्रदेश सरकार 16 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि कमा रही है, जिसमें पेट्रोल पर प्रति लीटर 28.57 रुपए का टैक्स वसूल किया जा रहा है, तो डीजल पर यह वसूली 18.01 रुपए की होती है। वर्तमान में उज्जैन में पेट्रोल 114.97 रुपए प्रति लीटर है और उसका एक तिहाई तो टैक्स जनता को प्रदेश सरकार को तथा लगभग उतना ही केन्द्र सरकार को चुकाना पड़ रहा है। विपक्ष की मांग है कि अभी जो दर वृद्धि पेट्रोल-डीजल में की गई उसमें राहत देने के लिए प्रदेश सरकार अपने टैक्स की वसूली को कम करे, क्योंकि पूरे देश में सर्वाधिक टैक्स मध्यप्रदेश में ही वसूल किया जा रहा है। यहां तक कि कई बड़े शहरों में 10 से 12 रुपए का अंतर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में है, जिसके चलते मध्यप्रदेश की सीमा से लगे पम्पों पर सन्नाटा पसरा रहता है और पास के राज्यों से ही पेट्रोल-डीजल भरवाकर छोटे और बड़े वाहन मध्यप्रदेश में प्रवेश करते हैं।.

# ग्यारंटी के नाम पर 1.42 करोड़ की बैंक से धोखाधड़ी

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** बैंक ग्यारंटी के नाम पर हुई 1.42 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के मामले मे पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। दोनों की तलाश में एक टीम इंदौर भेजी गई है। नागझिरी थाना क्षेत्र के सांई विहार कालोनी में रहने वाले रामस्वरूप पिता लहरी प्रजापति उद्योगपुरी क्षेत्र स्थित बोकेम हेल्थ केयरं प्रा.लि. के प्लांट हेड हैं जिन्होंने नागझिरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि उन्होंने मार्च 2023 में शासकीय टेण्डर लेने के लिए बैंक ग्यारंटी बनवाई थी। इस दौरान इंदौर के रहने वाले जितेन्द्र वर्मा और अनिकेत संतोषी से संपर्क हुआ था। उन्होंने बैंक ग्यारंटी के नाम पर अलग अलग समय में 1.42 करोड़ रुपए ले लिए। उन्होंने व्हाट्स एप पर बैंक ग्यारंटी भेजी थी जिसे देख विश्वास हो गया था। बैंक में ग्यारंटी लगाने पर सामने आया कि ग्यारंटी फर्जी है। दोनों से संपर्क करने पर उन्होंने आनाकानी शुरू कर दी। नागझिरी थाना एसआई रामप्रसाद वैद्य ने बताया कि बोकेम हेल्थ केयर प्लांट हेड की शिकायत पर दोनों के खिलाफ धारा 420, 34 का प्रकरण दर्ज किया गया है। जल्द ही दोनों की गिरफ्तारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि नागझिरी उद्योगपुरी में संचालित बोकेम हेल्थ केयर प्रा.लि. के साथ पूर्व में भी धोखाधड़ी का मामला सामने आ चुका है जिसमें कंपनी से जुड़े लोग ही शामिल होना सामने आए थे।

# उज्जैन के कैदी की इन्दौर के अस्पताल में मौत

**उज्जैन चिरंतन @ न्यूज।** केंद्रीय जेल भैरवगढ़ में बंद विचाराधीन बंदी की शुक्रवार सुबह इंदौर के एमवाय अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक बंदी को मिर्गी के झटके आने के कारण जिला अस्पताल से इंदौर रैफर किया गया था। महाकाल थाना के कहारवाड़ी का रहने वाला ईश्वर (46 वर्ष) पिता तेजाराम धारा 323, 294, 506 (मारपीट और धमकी) के आदेश पर उसे 5 दिन पहले ही यानी 24 मई को जेल लाया गया था। दो दिन बाद, 26 मई को ईश्वर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। जेल चिकित्सक के परामर्श पर उसे तुरंत जिला चिकित्सालय भेजा गया। स्थिति गंभीर होने और लगातार मिर्गी के झटके आने के कारण डॉक्टरों ने उसे उसी दिन एमवायएच इंदौर के लिए रैफर कर दिया। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान बंदी की मौत हो गई। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी सन्नी गेहलोत ने सुबह 7.30 बजे पर मौत की सूचना दी।

13 वॉं वर्ष
दैनिक चिरंतन

## आज का विचार

सोच छोटी होगी, तो सपने भी छोटे होंगे।
असफलता से डरो मत,वही सफलता का पहला कदम है।

## संपादकीय

# पर्यटन में एआइ और मानवीय मूल्यों का संतुलन

*पर्यटन उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था के सबसे गतिशील और तीव्र गति से बदलते क्षेत्रों में से एक है। हाल के वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के उदय ने इस उद्योग में एक युगांतरकारी क्रांति ला दी है। आज एआइ केवल एक तकनीकी सहायक उपकरण नहीं रह गया है, बल्कि यह 'स्मार्ट टूरिज्म', डेटा-संचालित रणनीतियों और आधुनिक गवर्नेंस का मुख्य आधार बन चुका है। यात्रियों के पिछले यात्रा इतिहास, खोज पैटर्न और उनकी प्राथमिकताओं का विश्लेषण करके एआइ उन्हें व्यक्तिगत गंतव्य, होटल और बजट-अनुकूल विकल्प सुझा रहा है। रीयल-टाइम अनुवाद उपकरण भाषा की बाधाओं को मिटा रहे हैं और एआइ आधारित कैमरा सिस्टम धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों पर भीड़ प्रबंधन को वैज्ञानिक दिशा दे रहे हैं। परंतु इस अभूतपूर्व तकनीकी प्रगति के बीच एक अत्यंत गंभीर और यक्ष प्रश्न खड़ा हो गया है- क्या तकनीक का यह अत्यधिक प्रभाव पर्यटन की आत्मा अर्थात मानवीय स्पर्श को समाप्त कर देगा? भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में, जहां की संस्कृति 'अतिथि देवो भव' के शाश्वत सिद्धांत पर आधारित है, वहां पर्यटन को पूरी तरह एल्गोरिद्म और मशीनों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। पर्यटन मूलत~ एक भावना-प्रधान और सेवा-उन्मुख उद्योग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मस्तिष्क तो हो सकता है, लेकिन वह मनुष्य का हृदय नहीं बन सकता। आतिथ्य में जो आत्मीयता, संवेदनशीलता और देखभाल का भाव एक मानव दे सकता है, उसकी पूर्ति रोबोट द्वारा भोजन परोसने या चैटबॉट्स द्वारा त्वरित उत्तर देने से कभी नहीं हो सकती। एआइ वह माध्यम अवश्य बन सकता है जो हमें रास्ता दिखाए, लेकिन वह किसी टूर गाइड या स्थानीय कहानीकार की जगह कभी नहीं ले सकता, जो अपनी जीवंत बातों से यात्रा को अविस्मरणीय बना देता है। इस बदलते परिदृश्य में सबसे बड़ी चुनौती और अवसर हमारे शिक्षा क्षेत्र तथा कौशल विकास केंद्रों के सामने हैं। एआइ के कारण पारंपरिक नौकरियों- जैसे डेटा एंट्री, सामान्य बुकिंग या क्लर्क स्तर के कार्य के विस्थापन का खतरा अवश्य है, लेकिन आतिथ्य और पर्यटन क्षेत्र में नई प्रकार की कुशलताओं की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। अब समय आ गया है कि हमें अपनी पर्यटन शिक्षा के पाठ्यक्रम को नए सिरे से तैयार करना होगा। मनुष्यों को प्रतिस्थापित करने के बजाय उनकी क्षमताओं को बढ़ाने पर ध्यान देना होगा। विश्वविद्यालय स्तर पर केवल सैद्धांतिक ज्ञान देना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता के साथ-साथ भावनात्मक बुद्धिमत्ता और संकट प्रबंधन जैसे मानवीय कौशलों में भी पारंगत करना होगा। कौशल विकास केंद्रों को युवाओं को एआइ टूल्स का उपयोग करना सिखाना होगा, ताकि वे अधिक उत्पादक बन सकें और तकनीक से भयभीत होकर पीछे न छूट जाएं। साथ ही, जब वर्तमान सरकार 'भारतीय ज्ञान प्रणाली' और 'देखो अपना देश' जैसी पहलों को बढ़ावा दे रही है, तब हमें एआइ का उपयोग अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक तथ्यों और अमूर्त धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए करना चाहिए न कि अपनी पारंपरिक आतिथ्य कला को भुलाने के लिए। अंतत~ आवश्यकता इस बात की है कि नीति-निर्माता, शिक्षाविद् और उद्योग जगत मिलकर ऐसी संतुलित और दूरदर्शी रूपरेखा तैयार करें, जिसमें एआइ का उपयोग पर्यटन उद्योग को अधिक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए हो, न कि मानवीय संवेदनाओं को प्रतिस्थापित करने के लिए। नवाचार का स्वागत अवश्य होना चाहिए, लेकिन वह नैतिकता, जिम्मेदारी और सांस्कृतिक मूल्यों की सीमाओं के भीतर रहे। दरअसल, पर्यटन केवल स्थानों को देखने का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं, अनुभवों और मानवीय जुड़ाव को महसूस करने की कला है। तकनीक यात्रा को आसान बना सकती है, लेकिन उसे यादगार बनाने का कार्य आज भी इंसानी संवेदनाएं ही करती हैं। इसलिए पर्यटन का भविष्य न पूरी तरह मशीनों में है और न केवल परंपराओं में, बल्कि तकनीक और मानवीय आत्मीयता के संतुलित संगम में ही उसकी वास्तविक शक्ति और सुंदरता निहित है।*

# मोदी के 'बारह' साल

*संयोग भी वैससा होता है, देखिए। प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता में आए 26 मई को 12 साल पूरे हो गए। इस उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्सव मनाना और मोदी पर प्रशंसा के पुल बांधना, इसमें आश्चर्यचकित होने जैसी कोई बात नहीं है। हर बात का उत्सव मनाना, यहां तक कि हार और नाकामी का भी उत्सव मनाना, यही पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल का मुख्य सूत्र रहा है। 'ऑपरेशन सिंदूर', का भी उत्सव मनाया गया, जिसमें पीछे हटना पड़ा। पुलवामा आतंकवादी हमले में 40 जवानों की शहादत का भी उत्सव मनाया गया। 26 मई 2014 को भारत में सत्ता परिवर्तन हुआ था। भाजपा के लोगों का कहना है कि इस दिन को हर साल 'सेवा सुशासन स्थापना दिवस' के रूप में मनाया जाना चाहिए। संयोग ऐसा है कि 26 मई जहां मोदी का 'उत्सव दिवस' है, वहीं ठीक उसके दूसरे दिन पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि का दिन है। नेहरू को गुजरे हुए 62 साल हो गए, लेकिन आजादी के बाद पैदा हुए और 2014 के बाद भी जिनका दिमाग और अंतरात्मा जीवित है, ऐसे लाखों लोगों ने नेहरू का स्मरण किया। स्वतंत्र भारत के निर्माण में नेहरू के योगदान पर लेख लिखे गए, चर्चाएं हुईं। इसका सीधा अर्थ यही है कि मोदी और उनके लोगों द्वारा पिछले दस-बारह वर्षों में रोज नेहरू को बदनाम करने और नेहरू के राष्ट्रकार्य पर सवाल उठाने के बावजूद, जनता के दिलों में नेहरू आज भी अचल हैं। मोदी ने नेहरू की पुण्यतिथि पर लोक-लाज के कारण एक पंक्ति की श्रद्धांजलि अर्पित की। सच तो यह है कि भारत के भाग्यविधाता रहे नेहरू के समाधि स्थल पर जाकर उन्हें खुद के प्रधानमंत्री पद पर 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आशीर्वाद और प्रेरणा लेनी चाहिए थी, लेकिन इसके लिए दिल बड़ा होना चाहिए। 12 वर्षों में मोदी की ठोस उपलब्धि कौन-सी है? चुनाव आयोग को जेब में डालकर हर चुनाव जीतना ही अगर कोई मोदी की ठोस उपलब्धि मानता है तो प्रभु श्रीराम ऐसे लोगों को सुबुद्धि दें। मोदी की शान-शौकत अलग ही है। मोदी सरकार ने पिछले 12 वर्षों में अपनी पब्लिसिटी पर 5,987.46 करोड़ रुपए खर्च किए। यानी रोज का औसतन डेढ़ से पौने दो करोड़ रुपये। नेहरू को ऐसी झूठी पब्लिसिटी की जरूरत नहीं पड़ी। उनका नेतृत्व स्वतंत्रता आंदोलन की भट्ठी में तपकर निखरा था। वे स्वयं ही एक आभामंडल थे। मोदी की सुरक्षा पर सालाना 600 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। ये आधिकारिक आंकड़े हैं।*

# भारतीय युवाओं के मस्तिष्क को संकुचित करता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है। यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है।

एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्त्र ,जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैंद्य

विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं. खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34त्न बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकेंद्य यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैद्य यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंद्य दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता हैद्य राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

# फ्लाइट के नए कैंपेन स्टाइल का नया अंदाज़ के साथ फुटवियर को मिलेगा स्टाइलिश टच

**इंदौर।** रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के प्रमुख फैमिली फैशन फुटवियर ब्रांड, फ्लाइट ने अपना नया कैंपेन स्टाइल का नया अंदाज़ लॉन्च किया




है। इसके साथ ही कंपनी ने अपनी नई बकल रेंज भी पेश की है, जिसे रोज पहनने वाले ओपन फुटवियर में आराम और मॉडर्न स्टाइल का बेहतरीन मेल देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। आज के समय में फुटवियर सिर्फ जरूरत नहीं रहा, बल्कि यह लोगों की पर्सनल स्टाइल का हिस्सा बन चुका है। स्टाइल का नया अंदाज़ कैंपेन के जरिए फ्लाइट इस बदलाव को सेलिब्रेट कर रहा है और लोगों को ऐसे लुक्स अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है, जो आसान, ट्रेंडी और कॉन्फिडेंट दिखें।

इस नई रेंज में सिंगल स्ट्रैप और डुअल स्ट्रैप स्टाइल्स शामिल हैं, जिनमें एडजस्टेबल बकल दिया गया है, जो आराम, फ्लेक्सिबिलिटी और स्टाइल तीनों का बेहतरीन संतुलन देता है। सिंपल डिजाइन और न्यूट्रल, अर्थी टोन व सॉफ्ट पेस्टल जैसे रंगों के साथ यह कलेक्शन इस तरह तैयार किया गया है कि यह डेली फुटवियर के मामले में आसानी से फिट हो सके। फ्लाइट की पहचान हमेशा से आराम को प्राथमिकता देने की रही है और इसी को आगे बढ़ाते हुए नई बकल रेंज में सॉफ्ट कुशन फुटबेड, लाइटवेट बनावट और टेक्सचर्ड आउटसोल दिया गया है, जो पहनने पर पूरे दिन आराम देते हैं। इस प्रकार, हर पेयर स्टाइलिश होने के साथ ही साथ भरोसेमंद भी है। कंपनी के को-चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर और होल टाइम डायरेक्टर गौरव कुमार दुआ ने कहा, आज के समय में लोग फुटवियर को एक अलग नजरिए से देख रहे हैं, क्योंकि यह उनकी पर्सनल स्टाइल का हिस्सा बन गया है। स्टाइल का नया अंदाज़ कैंपेन के जरिए हम लोगों को कुछ नया ट्राय करने और खुद को ज्यादा कॉन्फिडेंस के साथ एक्सप्रेस करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं। नई बकल रेंज इसी बदलाव को प्रदर्शित करती है, जहाँ आराम के साथ स्टाइल पर भी खास ध्यान तौर पर ध्यान दिया गया है, जो कि आज के ग्राहकों को पसंद आता है। इस कैंपेन के साथ फ्लाइट ओपन फुटवियर कैटेगरी में अपनी पहचान को और मजबूत कर रहा है, जहाँ स्टाइल और आराम को एक साथ लाया जा रहा है। नई बकल रेंज अब देशभर में फ्लाइट के बड़े रिटेल नेटवर्क, एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स और प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है, जिससे स्टाइल का नया अंदाज़ अब हर ग्राहक के और करीब पहुँच रहा है। हर दिन पहनने से लेकर अपने व्यक्तित्व को हर दिन स्टाइलिश बनाने तक, फ्लाइट की बकल रेंज इस तरह तैयार की गई है कि आराम भी फैशनेबल नज़र आए।

# ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने पेशकिया 'रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़', मल्टी-सेंसरीअनुभव के जरिए फ्लेवर को दी नई पहचान

**जयपुर।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटरने 'ब्लेंडर्स प्राइड रिज़र्व्ड




एक्सपीरियंसेज़' नामक एक नएसांस्कृतिक मंच की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य फ्लेवरको केवल स्वाद तक सीमित न रखते हुए उसे सभी इंद्रियोंसे महसूस किए जाने वाले अनुभव में बदलना है।

ऐसे समय में जब उपभोक्ता अधिक अर्थपूर्ण और प्रीमियमअनुभवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उनकी बदलतीपसंद और जीवनशैली को दर्शाते हैं, 'ब्लेंडर्स प्राइड रिजर्व्डएक्सपीरियंसेज़' इसी बदलाव को ध्यान में रखते हुए फ्लेवरको एक नई अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। 'रिज़र्व्ड इन एवरी सेंस' की अवधारणा पर आधारित यह मंचफ्लेवर को एक बहुआयामी यात्रा के रूप में प्रस्तुत करता है– जिसे केवल चखा ही नहीं, बल्कि देखा, सुना, महसूस औरअनुभव भी किया जा सकता है। शेफ कुणाल कपूर के साथ मिलकर तैयार किए गए इसविशेष अनुभव में एक निजी और एक्सक्लूसिव प्रस्तुति दीगई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक लाइव गैस्ट्रो-परफॉर्मेंसथा, जिसमें संगीत और फ्लेवर को रियल टाइम में एक साथप्रस्तुत किया गया। इसमें टेक्सचर, खुशबू और संगीत कीलय को जोड़कर एक अनोखा बहु-इंद्रिय अनुभव तैयार कियागया।

इस आयोजन की खास बात यह रही कि फ्लेवर को केवलस्वाद तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उसे विभिन्नइमर्सिव स्पेस के जरिए अलग-अलग रूपों में प्रस्तुत कियागया। इनमें विजुअल इंस्टॉलेशन, खुशबू आधारित अनुभव, स्पर्श आधारित गतिविधियां और विशेष टेस्टिंग अनुभवशामिल थे।

एक विकसित होते सांस्कृतिक मंच के रूप में कल्पित, ब्लेंडर्स प्राइड रिज़र्व्ड एक्सपीरियंसेज़ ने गुरुग्राम और चंडीगढ़ के बाद जयपुर में अपनी प्रस्तुति दी, जबकि इसका अगला पड़ाव कोलकाता होगा। 10+ प्रमुख बाज़ारों में आयोजित इन अनुभवों का उद्देश्य उपभोक्ताओं के साथ गहरा जुड़ाव बनाना और उन्हें फ्लेवर को अधिक इमर्सिव तरीके से अनुभव कराने का।

# ज़ी स्टूडियोज, डांसिंग शिवा फिल्म्स और सिनेकोर्न एंटरटेनमेंट ने शुरू की श्री राम भूमि की शूटिंग

**मुंबई।** ज़ी स्टूडियोज, डांसिंग शिवा फिल्म्स और सिनेकोर्न एंटरटेनमेंट ने आधिकारिक तौर पर श्री राम भूमि की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में फिल्म का मुहूर्त शॉट पूरा हुआ और शुभ शुरुआत के साथ इसकी शूटिंग का आगाज़ किया गया।

हालाँकि, मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी हर जानकारी को फिलहाल बेहद गोपनीय रखा है, लेकिन श्री राम भूमि ने इंडस्ट्री में पहले ही चर्चा बटोरनी शुरू कर दी है। दमदार और भावनात्मक शीर्षक से लेकर इसकी कहानी और स्टारकास्ट को लेकर बरती जा रही गोपनीयता ने दर्शकों और इंडस्ट्री के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है।



फिल्म की शूटिंग शुरू होने के साथ ही इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है, जिससे श्री राम भूमि आने वाली सबसे चर्चित फिल्मों में शामिल हो गई है। फिल्म की मुख्य स्टारकास्ट में अनुपम खेर, ऋत्विक भौमिक और अमृता खानविलकर शामिल हैं।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक कामाख्या नारायण सिंह के निर्देशन में बन रही श्री राम भूमि एक भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से प्रभावशाली फिल्म मानी जा रही है। यह फिल्म आस्था, बलिदान, सत्य और आधुनिक भारतीय इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण अध्यायों में से एक पर आधारित एक गहन और प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है।

# हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष-विकास और बदलता स्वरूप

**डॉ. मुकेश व्यास भीष्म**

हिंदी पत्रकारिता का विकास भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक चेतना और भाषाई अस्मिता से जुड़ा एक गौरवशाली इतिहास है। इसकी शुरुआत 30 मई 1826 को कलकत्ता से पंडित युगल किशोर शुक्ल द्वारा निकाले गए पहले हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र उदंत मार्तंड से हुई। निश्चित ही 30 मई 1826 का दिन हिंदी जगत के लिए ऐतिहासिक था।क्योंकि इसी दिन पं. जुगल किशोर शुक्ल ने कलकत्ता से 'उदन्त मार्तण्ड' नामक साप्ताहिक समाचार पत्र आरंभ कर हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी। आज 30 मई को हम हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने पर पूरे विश्व में हिन्दी पत्रकारिता का परचम लहरा रहा हैं, वहीं आज भाषा स्तर पर पाठक संख्या को लेकर कई चुनौतियों का सामना भी करना पड़ रहा है।

'उदन्त मार्तण्ड' के साथ आरंभ हुई हिंदी पत्रकारिता ने'बंगदूत', 'बनारस अखबार' और 'समाचार सुधावर्षण' ने हिंदी को जनचेतना की भाषा बनाया। वही भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने 'कविवचन सुधा' और 'हरिश्चन्द्र मैगजीन' के माध्यम से पत्रकारिता को समाज सुधार, भाषा-आंदोलन और राष्ट्रीयता से जोड़ा। तब पत्रकारिता व्यवसाय नहीं, मिशन थी।स्वतंत्रता आंदोलन ने हिंदी पत्रकारिता को उसका स्वर्णिम काल दिया। 'भारत मित्र', 'हिन्दी प्रदीप', माखनलाल चतुर्वेदी का 'कर्मवीर', गणेश शंकर विद्यार्थी का 'प्रताप' केसरी आज आदि समाचार पत्रों ने क्रांति का बिगुल बजाया।तब हिंदी पत्रकारिता ने सिद्ध किया कि वह सिर्फ सूचना नहीं देती, राष्ट्र का निर्माण करती है।आज़ादी के बाद हिंदी पत्रकारिता 'मिशन' से 'प्रोफेशन' बनी। 'नवभारत टाइम्स', 'हिन्दुस्तान', 'दैनिक जागरण', नईदुनिया 'दैनिक भास्कर', 'पंजाब केसरी' जैसे समाचार पत्रों ने हिंदी पत्रकारिता को नई पहचान दिलाई।वही 1995 के बाद उपग्रह क्रांति के कारण समाचार चैनल ने तस्वीर बदल दी। फिर 2006 के बाद डिजिटल क्रांति आई। समाचार सूचना को मोबाइल के एक क्लिक उपलब्ध कराने में सक्षम बनाया।

हिंदी पत्रकारिता में अब भाषा और संस्कार का क्षरण 'कंटेंट' के नाम पर हिंग्लिश, अशुद्ध व्याकरण और सनसनीखेज शीर्षक के साथ समाचारों का प्रकाशन हो रहा है।साथ ही अब ग्रामीण पत्रकारिता की उपेक्षा हो रही है।अब हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र सबसे अधिक संकट कृत्रिम बुद्धि (एआई) के कारण दिख रहा है। एआई और हिंदी के डीपफेक वीडियो और समाचार में असली-नकली की पहचान अब जनता ही नहीं, संपादक के लिए भी चुनौती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में हिंदी भाषा के मशीनीकरण का खतरा बढ़ रहा है। तमाम माध्यमों की एआई पर निर्भरता भाषा के रूप, रस, गंध और आस्वाद को खत्म कर सकती है। मशीनों द्वारा गढ़ी जा रही भाषा का भविष्य अनिश्चित है, और भाषा के बिना पत्रकारिता जैसी विधाएँ भी संकट में पड़ जाएँगी। ऐसे समय में जब मीडिया में मूल्यबोध और भाषा की शुचिता गौण हो रही है, पत्रकारों और शिक्षाविदों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है।ग्राउंड रिपोर्टिंग की जगह डिबेट ने ले ली है। अब पत्रकारिता में सूचना के बजाय मीडिया ट्रायल को ज्यादा तरजीह दी जा रही है। यदि हिंदी पत्रकारिता को तीसरी शताब्दी में प्रासंगिक रहना है तो उसे तकनीकी रूप से मिल रही चुनौतियों के प्रति सचेत रहते हुए रिफॉर्म करना होगा।'उदन्त मार्तण्ड' से शुरू हुई यात्रा में हिंदी पत्रकारिता दो सौ वर्षों में एक लंबा सफ़र तय किया है। दो सौ वर्ष बाद सबसे बड़ा सवाल यह नहीं कि हिंदी पत्रकारिता कितनी बड़ी है, सवाल यह है कि वह कितनी विश्वसनीय है। हिंदी पत्रकारिता विश्व की सबसे बड़ी और सबसे भरोसेमंद जनभाषा मीडिया बनाने के लिए तकनीक, भाषा और नैतिकता की कसौटी पर खरा उतरना होगा। बदलते दौर में डिजिटल मीडिया ने भौगोलिक सीमाएँ तोड़ दी हैं, जहाँ अब केवल श्रेष्ठ सामग्री ही टिकेगी। हमें अपनी भाषा में मौलिक और श्रेष्ठतम सृजन करना होगा ताकि हिंदी इतनी सशक्त बने कि विश्व के ज्ञान-जगत में संदर्भ बने। उधार और नकल पर टिकी पत्रकारिता का कोई मूल्य नहीं; आज गंभीर रिपोर्टिंग और गहन विश्लेषण की आवश्यकता है, तभी हम मौलिक सृजनकर्ता के रूप में स्थापित होंगे। भारत का विचार श्रेष्ठता और विश्वमंगल का विचार है, और हिंदी पत्रकारिता को इसका वाहक बनना चाहिए। दो सौ वर्ष पूरे होने पर मीडिया जगत से आग्रह है कि वह गुणवत्ता के बल पर हिंदी पत्रकारिता के ध्वज को और ऊँचा ले जाए।

# दैनिक राशिफल

**शनिवार**
**30 मई, 2026**



पं. नीरज अग्निहोत्री
सिद्धेश्वर पंचांग कर्ता
मो.96175-26023
सिद्धेश्वर धाम कलापीपाल

**अनमोल वचन- सफलता का रास्ता कठिन जरूर होता है, लेकिन नामुमकिन नहीं**

**विक्रम संवत 2083 अधिक शुक्ल 14व्रत पूर्णिमा**

**मेष-कार्य में सफलता मिलेगी। आत्मविश्वास बढ़ेगा। वरिष्ठों का सहयोग प्राप्त होगा।**

**वृषभ-धन लाभ के योग हैं। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। वाणी पर संयम रखें।**

**मिथुन-नए संपर्क लाभ देंगे। यात्रा के योग हैं। निर्णय सोच-समझकर लें।**

**कर्क-मानसिक शांति बनी रहेगी। रुके कार्य पूरे होंगे। माता का सहयोग मिलेगा।**

**सिंह-मान-सम्मान में वृद्धि होगी। नेतृत्व क्षमता उभरेगी। क्रोध से बचें।**

**कन्या-परिश्रम का फल मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च पर नियंत्रण रखें।**

**तुला-व्यवसाय में लाभ के संकेत हैं। दांपत्य जीवन मधुर रहेगा।**

**वृश्चिक-गोपनीय बातों का ध्यान रखें। अचानक धन खर्च हो सकता है। संयम आवश्यक।**

**धनु-भाग्य का साथ मिलेगा। शिक्षा व अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। शुभ समाचार मिल सकता है।**

**मकर-कार्यभार अधिक रहेगा। धैर्य रखें। निवेश में सावधानी बरतें।**

**कुम्भ-मित्रों से सहयोग मिलेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।**

**मीन-भावनाओं में बहकर निर्णय न लें। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी।**

## धार जिले में बाल विवाह प्रतिषेध के लिए ग्राम स्तर तक अधिकारी अधिसूचित

# कलेक्टर ने जारी किए आदेश, त्रि-स्तरीय व्यवस्था के तहत तय हुई जवाबदेही




**धार 29 मई 2026।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के प्रभावी रोकथाम और उन्मूलन के लिए धार जिले में जिला स्तर से लेकर सुदूर ग्राम स्तर तक प्रशासनिक अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है। संचालक, महिला एवं बाल विकास, मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना द्वारा इस संबंध में विस्तृत शासकीय आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के तहत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की धारा 16 की उपधारा (1) के अंतर्गत भारत सरकार और राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के परिपालन में ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए निम्नानुसार अधिकारियों की जवाबदेही तय की गई है।

**ग्रामीण एवं प्रशासनिक स्तर पर तैनातियां**जिला स्तर पर कलेक्टर, अपर कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अनुभाग व तहसील स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार एवं समस्त नायब तहसीलदार (राजस्व विभाग), ब्लॉक स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं परियोजना अधिकारी (महिला एवं बाल विकास), सेक्टर स्तर (ग्रामीण व शहरी) पर समस्त राजस्व निरीक्षक (राजस्व विभाग) एवं समस्त पर्यवेक्षक (महिला एवं बाल विकास) तथा ग्राम स्तर पर पटवारी (राजस्व विभाग) को जिम्मेदारी दी गई है।

**नगरीय निकायों में सौंपी गई जिम्मेदारी**नगर पालिका निगम में जोनल अधिकारी, राजस्व अधिकारी/सहायक राजस्व अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी को, नगर पालिका परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी , राजस्व निरीक्षक/उप राजस्व निरीक्षक एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षक/स्वच्छता निरीक्षक को तथा नगर परिषद में मुख्य नगर पालिका अधिकारी , राजस्व निरीक्षक/उप राजस्व निरीक्षक एवं स्वच्छता निरीक्षक को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना ने सभी अधिसूचित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में सतर्कता दल (फ्लाईंग स्क्वाड) के माध्यम से सतत निगरानी रखें। बाल विवाह की किसी भी सूचना या शिकायत पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले में इस कुप्रथा पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

# ब्रह्म प्रकट होते है जबकी मानव जन्म लेते है - योगेश्वर शास्त्री



**रतलाम ।** ब्रह्म प्रकट होते है जबकी मानव जन्म लेते है इसलिए हम भगवान प्रकटोत्सव मनाते है । जब भी बोलो मीठा बोलो, हमारे शब्दों में कडवापन नहीं मिठास होना चाहिए । उक्त व्यक्तव्य पुरूषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री शेष नारायण मंदिर भरावा की कुई पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिवस भागवताचार्य पं. योगेश्वर शास्त्री ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव के वाचन के अवसर पर कहीं। आज कथा में मत्स्य अवतार राजा हरिशचन्द्र की कथा, वामन अवतार, राजा भागीरथ की कथा, सप्त गंगा के अवतरण की कथा का वृतान्त सुनाया । रघु महाराज की कथा सुनाते हुए कहा कि रघुवंश रघु महाराज के नाम से ही विख्यात हुआ । देवकी - वासुदेव की कथा सुनाते हुए उनके विवाह के बाद उनकी आठो संतानों के जन्म का विस्तृत वर्णन किया गया जैसे ही कथा में भगवान श्री कृष्ण जन्म हुआ वैसे ही पूरा पांडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों सेगूंज उठा । श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव आनंदपूर्वक मनाया गया । संगीतमय भजनों की धुनों पर भक्तजन भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे । सजा दो घर आज मेरे सरकार आए है, तू इतना अच्छा है तुझे किसी की नजर ना लगे। यशोदा ने जाया लल्ला नगर में हल्ला भयो रे, कृष्ण जन्म भयो आज बधाई गाओ रे । आया सांवरिया सरकार हसंते-हसंते आदि भजनों पर भक्तजनों ने नृत्य करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। कथा के प्रारम्भ में यजमान द्वारा पोथी पूजन की गई तथा श्री मेढ़ क्षत्रिय मारवाड़ी स्वर्णकार समाज के पदाधिकारियों द्वारा भगवताचार्य योगेश्वर शास्त्री का शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया तथा भागवत जी की पूजन की गई ।

इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष नवनीत सोनी संस्थापक संरक्षक मोहनलाल मिंडिया मार्गदर्शक भगवतीलाल जलोतिया, अरविंद सोनी,पुर्व अध्यक्ष जगदीश भामा, संजय अग्रोया, राजकुमार बैलाव, अध्यक्ष गजाधर जांगलवा, उपाध्यक्ष दिलीप वर्मा,शैलेष जलोतिया, कोषाध्यक्ष संजय सोलीवाल, सचिव रमेश सोनी (पत्रकार), सहसचिव संतोष कड़ेल, प्रचार प्रमुख अखिलेश सहदेव, महिला मंडल अध्यक्ष, श्रीमती कृष्णा देवी मिंडिया, युवा मंच अध्यक्ष लक्की सदेवडा (भीमा), कार्यकारी सदस्य एवं सहयोग कर्ता राजेश भामा ,संजय मांडन, भूपेंद्र मंडावरा, राजेन्द्र अग्रोया, मुकेश अग्रोया, कपूर सोनी, मोतीलाल मिंडिया, अशोक कड़ेल, हेमंत सारडीवाल, शैलेंद्र सनगट,अनिल कड़ेल, गोपाल खेजलवाड़ आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

## आईटीआई प्रवेश सत्र 2026-27 के लिये पंजीयन प्रक्रिया प्रारम्भ

**झाबुआ।** जिले में संचालित शासकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश प्रक्रिया 26 मई 2026 से प्रारम्भ हो चुकी है। आईटीआई में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पद पर 30 जून तक अपना पंजीयन एवं त्रुटी सुधार करा सकते हैं। इसके बाद अभ्यर्थियों को च्वॉइस फिलिंग भरना होगा तथा पंजीयन के पश्चात इच्छित संस्थाओं एवं ट्रेड्स के क्रम का चयन 01 जून से 30 जून तक कर सकेंगे। पोर्टल पर पंजीकृत आवेदकों के लॉगइन पर कॉमन रैंक प्रदर्शित की जाएगी । आईटीआई में संचालित ट्रेड-फिटर, मशीनिष्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वेल्डर, स्टेनो हिन्दी, कम्प्युटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिसटेन्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक तथा इलेक्ट्रीशियन में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं ट्रेड-स्वीइंग टेक्नोलॉजी एवं वेल्डर हेतु 8वीं कक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालयीन समय में शासकीय आईटीआई में स्थापित हेल्पडेस्क पर सम्पर्क कर सकते है।

## पुलिस ने 5.50 लाख रुपये कीमत की अवैध शराब एवं वाहन जप्त किया

**झाबुआ** पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों, शराब तस्करी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु लगातार समस्त थाना प्रभारियों को सघन वाहन चेकिंग एवं प्रभावी कार्रवाई के



निर्देश दिए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की लगातार जांच की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुरक्ति साबनानी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पेटलावद निरीक्षक निर्भयसिंह भूरिया के नेतृत्व में पेटलावद पुलिस टीम को दिनांक 29.05.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि बदनावर-भैसोला तरफसे एक पिकअप वाहन में अवैध शराब भरकर लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा बरवेट चौराहा सारंगी पर वाहन चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु चालक द्वारा वाहन नहीं रोकते हुए पेटलावद की ओर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम ने तत्परता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए चौकी सारंगी के शासकीय वाहन से पीछा कर चौकी के पास घेराबंदी कर वाहन को पकड़ा। वाहन चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम संदीप पिता समसु चरपोटा उम्र 26 वर्ष निवासी तिखीपाड़ा तथा उसके साथी ने अपना नाम जितेन्द्र पिता राजु गणावा उम्र 19 वर्ष निवासी तिखीपाड़ा होना बताया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें तिरपाल के नीचे कुल 50 पेटी देशी मसाला शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 50-50 क्वार्टर कुल 450 बल्क लीटर शराब पाई गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1,50,000/- रुपये है। पुलिस द्वारा अवैध शराब एवं पिकअप वाहन क्रमांक डच्45ळ2994 जिसकी कीमत लगभग 4,00,000/- रुपये है, कुल मशरूका 5,50,000/- रुपये जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना पेटलावद में अपराध क्रमांक 249/2026 धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निर्भयसिंह भूरिया, चौकी प्रभारी सारंगी उप निरीक्षक दीपक देवरे, कार्यवाहक स.उ.नि. गोवर्धनलाल धाकड़, सउनि शिवकुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक मुकेश एवं आरक्षक 684 अजय चौहान की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

## अभियान मुस्कान के अन्तर्गत थाना बड़नगर द्वारा गीता भवन में जागरूकता अभियान

**बड़नगर।** थाना बड़नगर द्वारा गीता भवन में प्रषिक्षण ले रही लगभग 100 बालिकाओं और महिलाओ को बड़नगर थाना प्रभारी श्री अषोक जी पाटीदार एवं एस.डी.ओ.पी. श्री महेन्द्रजी परमार ने शासन के सुरक्षा नम्बर, जागरूकता, डिजीटल धोखा धड़ी, इन्सटा ग्राम, फेसबुक, व्हाटस ऐप आदि को चलाते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिये इसके बारे मे बताया महिला हेल्पलाईन 1090, पुलिस हेल्पलाईन 112, साईबर हेल्पलाईन 1930, चाईल्ड हेल्पलाईन 1098, राष्ट्रीय महिला आयोग 7827170170 हेल्प लाईन के बारे में विस्तृत जानकारी एवं उदाहरण सहित जानकारी दी साथ ही बालिकाओं एवं महिलाओं के प्रष्नो का समाधान भी किया। इस अवसर पर श्रीमान एस.डी.ओ.पी. श्री महेन्द्र परमार को म.प्र. सरकार द्वारा सम्मान प्राप्त करने पर स्वागत किया गया संस्था अध्यक्ष हरिकिषन मेलवाणी ने अतिथियों का स्वागत कर गीता भवन द्वारा सम्मान किया इस अवसर पर श्रीमती नन्दनी पाटीदार एवं हुसैनी जेनब (मेहन्दी प्रषिक्षिका) ने अतिथियों का स्वागत किया व उक्त जानकारी संजय कुमावत ने दी।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में सहकारिता एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

### मछली पालन को आय का सशक्त स्रोत बनाने पर जोर पंगेशियस मछली पालन को बढ़ावा देने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश




**झाबुआ ।** कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट की अध्यक्षता में शुक्रवार को सहकारिता विभाग एवं मत्स्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मत्स्य पालन को जिले में रोजगार एवं आय के प्रभावी स्रोत के रूप में विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में मत्स्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि गत वर्ष निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 230 लाख स्पान एवं 54.52 लाख स्टैण्डर्ड फ्राय का उत्पादन किया गया। इसके अतिरिक्त 420.17 लाख मत्स्य बीज संचयन तथा 9035.4 टन मत्स्य उत्पादन किया गया। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 801 प्रकरणों तथा 100 प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। कलेक्टर डॉ. भरसट ने कहा कि जिले में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं हैं और इसे ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के प्रभावी माध्यम के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मत्स्य पालन आधारित रोजगार गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाए।

उन्होंने विशेष रूप से पंगेशियस मछली पालन को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रजाति का पालन वर्ष में दो बार आसानी से किया जा सकता है, जिससे मत्स्य पालकों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। इसके लिए प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, वित्तीय सहयोग एवं विपणन व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं धरती आबा योजना अंतर्गत संचालित गतिविधियों की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग अंतर्गत पैक्स समितियों के संचालन, अंकेक्षण कार्यों की प्रगति, ऋण वितरण एवं वसूली की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. भरसट ने निर्देश दिए कि समितियों के माध्यम से किसानों को समय पर खाद, बीज एवं आवश्यक कृषि सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने लंबित अंकेक्षण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा ऋण वसूली की प्रक्रिया में गति लाने के निर्देश भी दिए। साथ ही समितियों के कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सहायक कलेक्टर सुश्री आयुषी बंसल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के निदेशक अंकित दुग्गर ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ की उच्च स्तरीय समीक्षा

**धार, 29 मई 2026 ।** भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी पीएम राहत योजना (प्रधानमंत्री सड़क दुर्घटना पीड़ित अस्पताल उपचार एवं सुनिश्चित उपचार योजना) के जिले में शत-प्रतिशत और प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली गई। केंद्रीय मंत्रालय के निदेशक श्री अंकित दुग्गर की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले से कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा एवं जिला परिवहन अधिकारी श्री हृदेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। योजना के लॉन्च होने के पश्चात से आज तक धार जिले में कुल 140 सड़क दुर्घटनाओं में घायल पीड़ितों को इस योजना के तहत त्वरित कैशलेस उपचार का लाभ दिया जा चुका है।

योजना की प्रगति पर संतोष जताते हुए केंद्रीय निदेशक ने मैदानी अमले और निजी व शासकीय अस्पतालों के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिले के सभी आयुष्मान सूचीबद्ध और नामित अस्पतालों को निर्देशित किया गया है कि सड़क दुर्घटना के मरीज के आते ही बिना किसी कागजी औपचारिकता या एडवांस पैसों की मांग किए तुरंत इलाज शुरू किया जाए। गोल्डन ऑवर (दुर्घटना का पहला एक घंटा) में इलाज में देरी करने वाले अस्पतालों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही और लायसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर ERSS-112 के माध्यम से मरीज को अस्पताल भिजवाएं और 24 घंटे के भीतर eDAR पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रविष्टि कर पीड़ित आईडी जनरेट करें, ताकि क्लेम में देरी न हो। स्वास्थ्य विभाग और आरटीओ को निर्देशित किया गया है कि अस्पतालों द्वारा भेजे गए क्लेम (दवा व उपचार खर्च) का सत्यापन कर 10 दिनों के भीतर मोटर वाहन दुर्घटना निधि से अनिवार्य रूप से भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

यदि किसी पीड़ित को इस योजना का लाभ मिलने में परेशानी आती है, तो वह जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा नामित शिकायत निवारण अधिकारी के पास अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है, जिसका निराकरण त्वरित रूप से किया जाएगा।

बैठक में निदेशक श्री अंकित दुग्गर ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में समय पर इलाज न मिलने के कारण कई नागरिक जान गंवा देते हैं। अध्ययनों के अनुसार, यदि दुर्घटना पीड़ित को पहले एक घंटे (गोल्डन ऑवर) के भीतर अस्पताल पहुंचा दिया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। इसी नागरिक-प्रथम दृष्टिकोण को ध्यान में रखकर केंद्र सरकार ने पीएम राहत योजना की शुरुआत की है।

सड़क दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित (चालक, यात्री या पैदल यात्री) को प्रति दुर्घटना अधिकतम 1.5 लाख तक का कैशलेस उपचार दिया जा रहा है। इसके लिए पीड़ित की उम्र, आय या राष्ट्रीयता की कोई बाध्यता नहीं है। योजना के तहत दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिनों तक अस्पताल में मुफ्त उपचार की सुविधा मिलती है। यह योजना भारत की किसी भी श्रेणी की सड़क (राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, या शहरी/ग्रामीण सड़कें) पर होने वाली दुर्घटनाओं पर समान रूप से लागू है। eDAR और TMS का डिजिटल नेटवर्क (पेपरलेस प्रणाली)

योजना को पूरी तरह पारदर्शी और पेपरलेस बनाने के लिए दो मजबूत तकनीकी प्लेटफॉर्म्स को आपस में जोड़ा गया है- दुर्घटना होने पर पुलिस विभाग सड़क परिवहन मंत्रालय के इस पोर्टल पर त्वरित प्रविष्टि दर्ज कर पीड़ित आईडी जनरेट करता है। इस आईडी के आधार पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के टीएमएस पोर्टल के माध्यम से अस्पताल मरीज का इलाज और उपचार आईडी दर्ज कर त्वरित कैशलेस उपचार शुरू करते हैं।

जिन मामलों में दुर्घटना करने वाला वाहन बीमित होगा, वहां भुगतान सामान्य बीमा कंपनियों (जनरल इंश्योरेंस काउंसिल) द्वारा किया जाएगा। वहीं, बिना बीमा वाले वाहनों तथा हिट एंड रन के मामलों में केंद्र सरकार द्वारा जिला कलेक्टर को प्राप्त विशेष बजटीय सहायता से अस्पतालों को भुगतान किया जाएगा।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर जिला चिकित्सालय में जागरूकता कार्यक्रम

**खरगोन।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय खरगोन में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना रहा। इस दौरान विशेषज्ञों द्वारा माहवारी से जुडी वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक जानकारियां सरल भाषा में साझा की गईं। इस अवसर पर बताया गया कि माहवारी महिलाओं में होने वाली एक प्राकृतिक एवं सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जो सामान्यतः 11 से 15 वर्ष की आयु में प्रारंभ होती है। यह महिलाओं के स्वस्थ प्रजनन तंत्र का संकेत है, न कि कोई बीमारी या अशुद्धता। विशेषज्ञों ने समाज में प्रचलित गलत धारणाओंकृजैसे माहवारी के दौरान महिलाओं को दैनिक गतिविधियों से अलग करनाकृको निराधार बताया और सम्मान व सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि अस्वच्छ कपडे या सामग्री के उपयोग से संक्रमण, खुजली, मूत्र मार्ग संक्रमण एवं अन्य बीमारियों का खतरा बढ जाता है। अतः स्वच्छ सैनिटरी पैड या साफ व सूखे कपडे का उपयोग करना चाहिए तथा समय-समय पर बदलना आवश्यक है। साथ ही संतुलित आहार, पर्याप्त पानी का सेवन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता को भी महत्वपूर्ण बताया गया। विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि यदि माहवारी अत्यधिक अनियमित हो, अत्यधिक दर्द या रक्तस्राव हो अथवा लंबे समय तक माहवारी न आए, तो तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। समय पर जांच एवं उपचार से एनीमिया, हार्मोन संबंधी समस्याओं एवं संक्रमण से बचाव संभव है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने माहवारी स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाने, किशोरियों एवं महिलाओं को सही जानकारी प्रदान करने तथा समाज से संकोच व गलत धारणाओं को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. राजकुमारी देवडा, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के धीरेंद्र सोनी, कार्यक्रम परामर्शदाता सुश्री काजल अमोदे एवं मीरा रावत उपस्थित रहीं।

## भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव मनाया



**इंगोरिया।** पवित्र पुरुषोत्तम मास में द्वारिका धाम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के दौरान गुरुवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्म धूमधाम से मनाया गया। आयोजक गौपाल गौ शाला मालपुरा-दुनालजा समिति के तत्वावधान में गौ यात्रा संयोजक संयोजक मेहरबान सिंह चावड़ा के नेतृत्व में द्वारिका में गिर नस्ल की गायों की गौशाला में जाकर हरा चारा डलवाया और गाय माताओं को गुड रोटी खिलाई। पंडित पुष्कर राज जी दवे की अमृत मई वाणी से श्रोता आत्मविभोर हो गए। उनके भजनों पर जम कर थिरके और आनंद लिया। आपने कथा के चौथे दिवस पर श्रोताओं से कहा कि जो भगवान श्री राम ने जो मर्यादा का पालन किया वो अपने आचरण में अपनाए जो भगवान श्री कृष्ण ने जो लीला की उसे नहीं करना है तभी जीवन सार्थक होगा। गुरुवार को सुमित्रा द्वरमेशजी शर्मा, मनीष शर्मा लबायचा और जितेंद्र ईश्वर लाल जाट भैंसला खुर्द के सौजन्य से सभी को माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। भागवत कथा में कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम परमार उन्हेल ने किया। कथा श्रवण हेतु क्षेत्र से द्वारिका पधारे श्रद्धालु, संयोजक मेहरबान सिंह जी दुनालजा, व्यवस्थापक प्रकाश बैरागी, मनीष शर्मा लबायचा और स्थानीय श्रोता उपस्थित रहे।

## अवैध रूप से संग्रहित छाल और बीजों का बड़ा जखीरा जब्त, जैव विविधता अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**धार 29 मई 2026।** वन विभाग की टीम ने एक बड़ी करते हुए सागोर कुटी स्थित नेचुरल लिविंग प्राइवेट कंपनी के गोदामों पर छापा मारकर भारी मात्रा में विभिन्न प्रजातियों की छाल और बीजों का अवैध संग्रहण जब्त किया है। कंपनी प्रबंधन द्वारा संग्रहण से जुड़े कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं करने पर वन विभाग ने जैव विविधता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

वन मण्डलाधिकारी धार श्री विजयानंथम टी. आर. एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी माण्डव श्री सचिन सयदे के मार्गदर्शन में वन अमले को सूचना मिलने पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम सागोर कुटी स्थित नेचुरल लिविंग प्राइवेट कंपनी के परिसर पहुंची। टीम द्वारा जब कंपनी के गोदाम क्रमांक 01 एवं 02 का सघन निरीक्षण किया गया, तो वहाँ भारी मात्रा में विभिन्न प्रजातियों की छाल और बीज संग्रहित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान वन विभाग की टीम ने कंपनी के प्रबंधक और उपस्थित कर्मचारियों से इस संग्रहण के संबंध में वैध दस्तावेज और रिकॉर्ड (अभिलेख) मांगे। परंतु, कंपनी प्रबंधन द्वारा मौके पर कोई भी वैध स्वामित्व या परिवहन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। वन परिक्षेत्र अधिकारी माण्डव द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत न करने की स्थिति में त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रकरण क्रमांक 255/19 ( 27 मई 2026) दर्ज किया गया। यह कार्यवाही जैव विविधता अधिनियम 2002 की धारा 7 के तहत कायम की गई है। गोदामों में रखी समस्त छाल और बीजों को वन विभाग द्वारा सीज (जब्त) कर लिया गया है। जब्त की गई छाल और बीजों की प्रजातियों की विस्तृत जांच की जा रही है।

इस कार्यवाही में वन परिक्षेत्र अधिकारी माण्डव श्री सचिन सयदे के साथ ही श्री संतोष उपाध्याय (कार्यवाहक वनपाल), जितेन्द्र चौधरी (वन रक्षक) और रितेश त्रिवेदी (वन रक्षक, वन परिक्षेत्र माण्डव) की सराहनीय और मुख्य भूमिका रही।

## तेंदुए से वीरतापूर्वक लड़ने वाले वनरक्षक दद्दूसिंह को 25,000 की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

**धार 29 मई 2026 ।** वन मण्डल धार के अंतर्गत परिक्षेत्र धामनोद में ग्रामीणों की जान बचाते हुए तेंदुए का बहादुरी से सामना करने वाले वनरक्षक श्री दद्दूसिंह ठाकुर को वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया, नई दिल्ली द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। वन मण्डलाधिकारी धार श्री विजयानंथन टी.आर. के विशेष प्रयासों और त्वरित पत्राचार के बाद यह राशि सीधे वनरक्षक के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है।

उल्लेखनीय है कि गत 22 अप्रैल 2026 को राजस्व क्षेत्र ग्राम गुजरी के डाक बंगले के पास एक तेंदुए द्वारा तीन ग्रामीणों को घायल करने की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचा था। तेंदुआ डाक बंगले के पास एक मकान में घुसा हुआ था, जिसकी वन अमले द्वारा निरंतर निगरानी की जा रही थी। निगरानी के दौरान मकान के पीछे से अचानक तेंदुए ने ढाल बीट के बीटगार्ड श्री दद्दूसिंह ठाकुर पर हमला कर दिया। श्री ठाकुर ने अपनी जान की परवाह न करते हुए और ग्रामीणों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए तेंदुए का साहस से सामना किया। इस हमले में उनके पेट, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आईं। मौके पर उपस्थित अन्य वनकर्मी ने मुस्तैदी दिखाते हुए उन्हें तेंदुए के चंगुल से बचाया और तत्काल शासकीय अस्पताल धामनोद पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों की टीम द्वारा उनका उपचार किया गया। कर्तव्य के दौरान घायल होने वाले वनकर्मियों को प्रोत्साहन देने वाली संस्था वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया नई दिल्ली से श्री ठाकुर को सहायता दिलाने के लिए वन मण्डलाधिकारी श्री विजयानंथन टी.आर. द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक 3181 तिथि 22 मई के माध्यम से अपील की गई थी।

# समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक रविवार को होगी

## तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक आयोजित, आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

**आगर-मालवा, 29 मई । मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक 31 मई 2026, रविवार को अपराह्न 03.30 बजे से नवीन मांगलिक भवन, कंपनी गार्डन आगर में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न वर्गों के सुझाव प्राप्त करना है।**



बैठक में समिति के सदस्य श्री गोपाल शर्मा (शिक्षाविद) उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा गठित यह समिति प्रदेश में समान नागरिक संहिता के विभिन्न आयामों का अध्ययन कर सुझाव प्रस्तुत करेगी। जनपरामर्श बैठकों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत संगठन-संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

जनपरामर्श बैठक की तैयारियों के संबंध में अपर कलेक्टर श्री आर.पी. वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री बी.एस. सोलंकी द्वारा शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# इंसान को सदैव नीति और धर्म के साथ रहना चाहिए-पंडित शास्त्री



**नलखेड़ा चिरंतन @ न्यूज।** संसार में विभिन्न तरीकों से धन कमाकर धनवान तो आसानी से बना जा सकता है, धन आने पर इंसान के पास स्वतः ही बल भी आ जाता है लेकिन संसार में कमाये इस धन के बल से ईश्वर भक्ति का बल भारी होता है ।

इसी के साथ व्यक्ति के पास जब धन आता है तो वह अनीति और अधर्म के रास्ते पर चलने लगता है बस यही से इंसान का पतन प्रारंभ हो जाता है इसलिए इंसान को सदैव नीति और धर्म के साथ चलना चाहिए ।

उक्त उद्गार नलखेड़ा में श्री जयश्वर महादेव मंदिर प्रांगण नयापुरा में चल रही शिवमहापुराण कथा के छटवें दिवस पर कथा वाचक ग्राम ताखला निवासी श्री ताराचंद शास्त्री ने कहे आपने कहा की शिवमहापुराण कथा अनेक स्थानों पर होती हैं अनेक लोग वहाँ पहुँचकर शिवमहापुराण का श्रवण भी करते हैं लेकिन भाग्यवान वह लोग होते है जो महापुराण को अपने हृदय में उतारकर भोलेनाथ की भक्ति में लीन होकर अपने जीवन को धन्य बना लेते है ।

कथा के छटवें दिवस पर कथा के सहयजमान पूर्व पार्षद ओम पंडित ने सहपरिवार पोथी पूजन कर आरती उतारी पाश्यात प्रसादी का वितरण किया गया ।

# अपर जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 3 खाद्य कारोबारियों पर लगाया डेढ़-डेढ़ लाख का जुर्माना

**आगर-मालवा, 29 मई।** अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं पदेन न्याय निर्णयन अधिकारी, श्री आरपी वर्मा द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के विभिन्न प्रकरणों में दोषी पाए जाने पर जिले के तीन खाद्य कारोबारियों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपए की अर्थदंड राशि अधिरोपित की गई है।

प्रथम प्रकरण में बड़ौद स्थित बीकानेर नमकीन एंड स्वीट्स के संचालक मुकेश सिंह राजपुरोहित के प्रतिष्ठान से 24 अक्टूबर 2024 को मावा लूज़, चमचम एवं मावा कतली के नमूने जांच हेतु लिए गए थे। जांच में चमचम एवं मावा कतली के नमूने मानक पाए गए, जबकि मावा का नमूना बी.आर. रीडिंग अधिक होने के कारण अवमानक पाया गया।

इस पर न्यायालय द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। इसी प्रकार द्वितीय प्रकरण में 27 जनवरी 2025 को होटल महाराजा, आगर के निरीक्षण के दौरान संचालक मुकेश गवली पिता दुलीचंद गवली निवासी बड़ा गवलीपुरा , आगर बिना खाद्य लाइसेंस एवं पंजीयन के वेज एवं नॉन-वेज होटल संचालन करते पाए गए।

निरीक्षण में खाद्य सामग्री का अवैध निर्माण, संग्रहण, प्रदर्शन एवं विक्रय किया जाना पाया गया। प्रकरण में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 31(2) के उल्लंघन पर एफएसएसए 2006 की धारा 55 एवं 58 के तहत दोषी पाए जाने पर न्यायालय ने 1 लाख 50 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया। तृतीय प्रकरण में साल्याखेड़ी निवासी रामलखन पाटीदार द्वारा सोयत नगर बस स्टैंड क्षेत्र में थोक स्तर पर चाय, घी, दाल एवं चावल का कारोबार संचालित किया जा रहा था। जांच के दौरान करतार प्योर घी एवं खुली चाय के नमूने लिए गए। परीक्षण में चाय का नमूना मानक तथा करतार प्योर घी का नमूना अवमानक स्तर का पाया गया। मामले में एडीएम कोर्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था।

दोनों पक्षों की सुनवाई उपरांत न्यायालय द्वारा 1 लाख 50 हजार रुपए की अर्थदंड राशि अधिरोपित की गई। उक्त तीनों प्रकरणों में कार्रवाई तत्कालीन खाद्य सुरक्षा अधिकारी आगर श्री एल. कुम्भकार द्वारा की गई थी।

तीनों प्रकरणों में अधिरोपित अर्थदण्ड राशि 15 दिवस के भीतर जमा करानी होगी। निर्धारित अवधि में राशि जमा नहीं करने पर संबंधित तहसीलदार के माध्यम से भू-राजस्व संहिता एवं अधिनियम की धारा 96 के तहत वसूली एवं कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जुर्माना राशि जमा होने तक संबंधित खाद्य अनुज्ञप्ति एवं पंजीयन निलंबित रहेंगे।

# भारत विकास परिषद के सहयोग से 54 वां नेत्रदान संपन्न

**आगर मालवा।** हाटपुरा निवासी स्वर्गीय जगन्नाथ सोनी के सुपुत्र श्री दौलत राम जी सोनी का आज श्रीजी शरण हो गया, परिजनों में उनके



सुपुत्र राकेश एवं शैलेंद्र सोनी की सहमति से एवं परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी डॉक्टर संदीप चोपड़ा, कैलाश माहेश्वरी की तत्परता साथ ही नगर के सेवाभावी श्री सुधीर भाई जैन एवं प्रीतम भटनागर के विशेष प्रयास करने पर परिजनों द्वारा नेत्रदान करवाने की स्वीकृति प्रदान की, तुरंत टेक्नीशियन अजय यादव और लखन यादव ने पहुंचकर नेत्रदान प्रक्रिया संपन्न कराई! नेत्रदान में डॉक्टर नरेंद्र सिंह ठाकुर, जगदीश सोनी, एवं राजेंद्र शर्मा का भी विशेष सहयोग रहा भारत विकास परिषद शाखा आगर ने नेत्रदानी श्री दौलत राम जी सोनी की मृत्यु पर शोक संवेदना प्रकट करते हुए इस दुःख की घड़ी में सोनी परिवार को नेत्रदान करने का साहसिक निर्णय लेने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया एवं जनसामान्य से इस परोपकार के कार्य में सहयोग करने की विनम्र अपील की है, साथ ही यह भी आव्हान किया है कि नेत्रदान हेतु सभी को जागरूक रहने की आवश्यकता है जिससे कि दो लोगो के जीवन में अंधकार समाप्त होकर एक नई रोशनी प्राप्त हो सके। शीघ ही नेत्रदानी के परिवार को भाविप शाखा आगर द्वारा सम्मानित किया जाएगा। गत वर्ष नेत्रदान सुविधा को पुनर्जीवित करने के पश्चात अब तक भारत विकास परिषद कूल 54 नेत्रदान सम्पन्न करवा चुका है।

# समान नागरिक संहिता पर जनमानस से परामर्श/सुझाव आमंत्रित

**आगर-मालवा, 29 मई।** राज्य शासन द्वारा विवाह, भरण पोषण, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार एवं अन्य परिवार संबंधित कानूनों से संबंधित विधिक, सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं का विस्तृत अध्ययन कर समान नागरिक संहिता के संबंध में उपयुक्त अनुशंसाओं को प्रस्तुत किया जाएगा। इस उद्देश्य से ही उच्च स्तरीय समिति गठित की गई है विस्तृत अध्ययन के उद्देश्य से समान नागरिक संहिता के संबंध में उपयुक्त अनुसंधान प्रस्तुत करने के लिए यह समिति महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जनपरामर्श के सुझाव प्राप्त करने हेतु वेबसाइट तैयार की गई है।

# पुलिस ने अवैध फायर आर्म्स बनाने की फैक्ट्री पर दी दबिश

**खरगोन।** पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर अनुराग एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के द्वारा अवैध हथियारों के निर्माण, अवैध खरीदी-बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर अवैध फायर आर्म्स पर पैनी निगाह रखने एवं अवैध फायर आर्म्स के नेटवर्क को चिन्हित कर उसे ध्वस्त कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में थाना गोगावां व थाना सनावद की पुलिस टीम ने संयुक्त दबिश देकर कार्यवाही करने में

# अंत्यावसायी विभाग के लेखपाल माणकचंद्र परमार को सेवानिवृत्ति पर दी गई सम्मानपूर्ण विदाई

## प्रभारी अधिकारी शेखर उइके ने कार्यशैली एवं सेवाओं की सराहना की



**आगर-मालवा, 29 मई।** अंत्यावसायी विभाग में लंबे समय तक उत्कृष्ट एवं समर्पित सेवाएं प्रदान करने वाले लेखपाल श्री माणकचंद्र परमार के 31 मई 2026 को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर शुक्रवार, 29 मई को विभागीय कार्यालय में सम्मानपूर्वक विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री परमार के सेवाकाल को याद करते हुए उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासित कार्यशैली की सराहना की। समारोह में जिला संयोजक एवं प्रभारी अधिकारी श्री शेखर उइके ने कहा कि श्री माणकचंद्र परमार ने अपने सेवाकाल के दौरान विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ किया। उन्होंने कहा कि श्री परमार का व्यवहार सदैव सहयोगात्मक एवं सकारात्मक रहा, जिससे विभागीय कार्यों के संचालन में बेहतर वातावरण बना रहा। उनकी कार्यशैली एवं अनुशासन सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी रहेगा।

विदाई समारोह के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्री परमार को शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों ने उनके साथ कार्य करने के अनुभव साझा करते हुए कहा कि श्री परमार ने सदैव टीम भावना के साथ कार्य किया तथा विभागीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई।

अपने उद्बोधन में श्री माणकचंद्र परमार ने विभाग में मिले सहयोग, स्नेह एवं आत्मीयता के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा का यह सफर उनके लिए सदैव यादगार रहेगा।

कार्यक्रम में अधीक्षक राकेश शर्मा, सहायक ग्रेड-3 चुरामन भावरे एवं कपिल जोशी, कंप्यूटर ऑपरेटर राहुल मालवीय, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर श्रीमती रामकला तोमर, ड्राइवर दीपक लाखा, भृत्य सुनील गोयल, राहुल जर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कार्यकारिणी घोषित

# जिलाध्यक्ष भालसे ने कार्यकारिणी में 5 उपाध्यक्ष 2 महामंत्री सहित 20 पदाधिकारियों को दिए दायित्व

**खरगोन।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह परमार, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, जिला प्रभारी संगीता सोनी की अनुमति एवं जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे की सहमति से जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर भालसे ने शुक्रवार को कार्यकारिणी में शामिल 20 पदाधिकारियों नामों की घोषणा की है। इनमें 5 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 5 मंत्री तथा अन्य पदाधिकारी शामिल हैं।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कांतिलाल कर्मा ने बताया कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष महेश चौहान, नाथूलाल रोकड़े, शिवराम कृष्णन, नैनसिंह परमार, प्रेम पंचोली को बनाया गया है।

महामंत्री का दायित्व अमरसिंह चौहान और क़ृपाराम भार्गव को मिला। मंत्री सावन साठे, धर्मेंद्र उपाध्याय, सिमरन गौसर, नीलाबाई सांवले, कमल मकवाने होंगे। कोषाध्यक्ष नरेंद्र रोकड़े को बनाया गया।

सह-कोषाध्यक्ष मोहन सांवले होंगे। कार्यालय मंत्री विजय सागोरे, सह-कार्यालय मंत्री कृष्णा कोठे, सोशल मीडिया प्रभारी दिनेश कोठिया, सह-सोशल मीडिया प्रभारी मुकेश नागराज रहेंगे।

मीडिया प्रभारी संजय तसोरे और सह- मीडिया प्रभारी का दायित्व कमल कानुड़े को सौंपा गया है। मोर्चा जिलाध्यक्ष ने बताया कि यह नई टीम अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा और उनके उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष श्रीमती ब्राह्मणे ने कहा कि इस गठन से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी और वह अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफल होगा।

# ठाकुर जी के सांझी मनोरथ का हुआ आयोजन



**आगर मालवा ।** पुष्टीमार्गीय वैष्णव परिषद शाखा आगर के तत्वाधान में सत्यनारायण गली स्थित अस्तल के मंदिर में पुरुषोत्तम मास के द्वादश दिवस ठाकुर जी का सांझी का मनोरथ बड़े उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया श्री ठाकुर जी के सांझी मनोरथ को लेकर मनोरथ करता देसाई परिवार के द्वारा रंग-बिरंगे फूलों और पत्तियों से बहुत ही आकर्षक सांझी बनाई गई ओर प्रभु श्रीनाथ जी का सांझी की कलाकृति के साथ सुंदर श्रृंगार किया गया सांझी मनोरथ मंडली में परम भगवतीय वैष्णव देसाई परिवार एवं वैष्णव भक्तों के द्वारा ढोलक की थाप और मजीरे की झंकार के साथ श्री ठाकुर जी के सांझी मनोरथ के उपर मधुर कीर्तन एवं भजनों की प्रस्तुति दी गई इस दौरान सैकड़ो की संख्या में उपस्थित श्रीनाथजी के भक्त भक्ति संगीत की रस धारा से ओतप्रोत हो गए मनोरथ कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम के मनोरथी परिवार एवं उपस्थित वैष्णव भक्तों ने बड़े भक्ति भाव से प्रभु श्रीनाथजी की आरती कर उनकी अलौकिक लीलाओं का गुणगान किया आरती के पश्चात मनोरथी देसाई परिवार के द्वारा ठाकुर जी को भोग सराकर उपस्थित वैष्णव भक्तों को महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिला एवं पुरुष वैष्णव जनों ने श्री ठाकुर जी के दिव्य दर्शन का लाभ लिया इस अवसर पर वैष्णव परिषद के पदाधिकारीयो के द्वारा मनोरथी देसाई परिवार के सदस्यों का उपरना उड़ा कर स्वागत सम्मान किया गया यह जानकारी परिषद के सचिव गोविन्द गुरु के द्वारा दी गई।

# ग्रामीण पर्यटन से जुडे एवं पॉटरी प्रशिक्षण से कमाएं आय

**खरगोन।** ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने तथा ग्रामीणों को स्वरोजगार से जोडने के उद्देश्य से नावडातोडी, बोथू एवं केरियाखेडी ग्राम के निवासियों के लिए एडवांस पॉटरी प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए इच्छुक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिससे वे पारंपरिक कला को आधुनिक स्वरूप देकर अपनी आय बढा सकें।

पॉटरी एक पारंपरिक एवं रोजगारोन्मुख कला है, जिसमें मिट्टी से कुल्हड दीये, गमले, बर्तन एवं विभिन्न सजावटी वस्तुएँ तैयार की जाती हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीकों एवं पॉटर्स व्हील के माध्यम से आकर्षक, टिकाऊ एवं बाजार योग्य उत्पाद बनाना सिखाया जाएगा, ताकि वे अपने उत्पादों की बिक्री कर आत्मनिर्भर बन सकें। इस प्रशिक्षण को ग्रामीण पर्यटन से भी जोडा गया है। जब पर्यटक गांवों में भ्रमण के लिए आएंगे, तब वे पॉटरी की ÷हैंड्स-ऑन एक्टिविटी÷ में भाग लेकर स्वयं मिट्टी से वस्तुएँ बनाना सीखेंगे। इससे हितग्राहियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त होंगे तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। प्रशिक्षण में न्यूनतम 10 दिवस की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को ही लगभग 25 हजार रुपये मूल्य का पॉटर्स व्हील प्रदान किया जाएगा। बीपीएल श्रेणी के प्रतिभागियों को पॉटर्स व्हील निःशुल्क दिया जाएगा, जबकि एससीध्एसटी श्रेणी के प्रतिभागियों को व्हील राशि का 10 प्रतिशत तथा सामान्य श्रेणी के प्रतिभागियों को 20 प्रतिशत योगदान देना होगा।

# जिले में पेयजल व्यवस्था को लेकर सख्त प्रशासनिक रुख

**खरगोन।** जिला पंचायत सीईओ श्री मिलिंद कुमार नागदेवे ने ईई पीएचई एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ विभिन्न जनपदों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के लिए सरपंच एवं सचिवों की बैठकों में भाग लिया। बैठकों का मुख्य उद्देश्य गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखना तथा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना रहा।

जनपद भगवानपुरा में आयोजित बैठक के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री नागदेवे ने निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या सामने आने पर उसका तत्काल निराकरण किया जाए। साथ ही पंचायतों में टैक्स वसूली को प्रभावी ढंग से बढाने एवं विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में जनपद भिकनगांव में आयोजित बैठक में पेयजल संकट की स्थिति से निपटने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री नागदेवे ने स्पष्ट कहा कि जलापूर्ति में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी।

जनपद बडवाह में आयोजित बैठक में भी सरपंच एवं सचिवों को निर्देशित किया गया कि पेयजल प्रबंधन के साथ-साथ टैक्स वसूली एवं अन्य निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। जिला पंचायत के प्रभारी अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री नागदेवे ने सभी संबंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि जनहित से जुडे कार्यों में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप परिणाम सुनिश्चित करें।

# मित्र मिलन कायक्रम का अभिनव आयोजन सम्पन्न

**शाजापुर।** गांधी हॉल शाजापुर में वर्ष 1975 के बी.टी.आई. राजगढ़ के शिक्षक साथियों का अभिनव ÷मित्र मिलन समारोह÷ आत्मीय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजगढ़ एवं शाजापुर के लगभग 50 मित्र सपत्नीक उपस्थित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाजापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावद ने इस अनूठे आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में इस प्रकार के आयोजन अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में परिवार और समाज का उत्कृष्ट स्थान है और मित्र परिवार का 51 वर्षों से निरंतर संपर्क बनाए रखना सच्ची मित्रता का अद्भुत उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1975 में बी.टी.आई. राजगढ़ से प्रारंभ हुई मित्रता आज तक उसी आत्मीयता के साथ कायम है। उस समय मोबाइल जैसी संपर्क सुविधाएं नहीं थीं,




केवल चिट्ठी-पत्री के माध्यम से ही सुख-दुख का आदान-प्रदान होता था, फिर भी मित्रता का यह संबंध निरंतर जीवंत बना रहा।

यह मित्रों की आत्मीयता का प्रमाण है। श्री भीमावद ने कहा कि इस मित्र मिलन समारोह में उपस्थित होकर वे स्वयं गौरव का अनुभव कर रहे हैं तथा यहां से यह सीख लेकर जा रहे हैं कि दुनियादारी के कामकाज तो चलते रहते हैं, परंतु मित्रता को जीवनभर कैसे निभाया जाता है, यह इन मित्रों से सीखा जा सकता है और समाज को भी सीखना चाहिये। उन्होंने कहा कि 51 वर्षों बाद भी सभी मित्रों का अपनी-अपनी जीवनसंगिनी के साथ एक स्थान पर एकत्रित होना अत्यंत प्रेरक है।

कार्यक्रम के संयोजक मधुकांता सोनी, रामचंद्र चौहान एवं मनोहर राय ने बताया कि समारोह में सभी मित्रों ने अपने छात्र जीवन की पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम । आए सभी साथियों का शाल और अंग वस्त्र से विधायक जी द्वारा सम्मान किया। सभी साथियों ने प्रसिद्ध गीत ÷जिंदगी एक सफर है सुहाना÷ पर सामूहिक नृत्य कर आनंद व्यक्त किया। सहभोज के पश्चात आभार प्रदर्शन रामचंद्र चौहान ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनोहर राय ने किया।

# स्वास्थ्य महकमे के औचक निरीक्षण में बेनकाब हुई जिला अस्पताल की बदहाली, व्यवस्था सुधारने का सख्त फरमान

**शाजापुर।** मरीजों की जान से खिलवाड़ और लचर व्यवस्थाओं का पर्याय बन चुके शाजापुर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. राजू निदारिया के औचक निरीक्षण ने पूरे महकमे में हड़कंप मचा दिया। शुक्रवार सुबह 11 बजे शुरू हुए इस सरप्राइज टेस्ट ने अस्पताल प्रबंधन के खोखले दावों की धज्जियां उड़ा दीं। कहीं इमरजेंसी किट आधी-अधूरी पड़ी थी, तो कहीं जीवनरक्षक डॉक्टर अपनी ड्यूटी से ही नदारद थे। इस घोर लापरवाही को देख भड़के डॉ. निदारिया ने सिविल सर्जन की जमकर क्लास ली और व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार का कड़ा अल्टीमेटम दे डाला। अस्पताल की बेलगाम कार्यप्रणाली का सबसे शर्मनाक नजारा ट्रॉमा सेंटर के वार्ड क्रमांक-29 में देखने को मिला। यहां इमरजेंसी किट अपूर्ण मिलने पर वरिष्ठ अधिकारी ने डॉ. रवि सोनी को जमकर फटकार लगाई। लापरवाही की हद तो तब हो गई जब कुछ देर बाद अधिकारी



निरीक्षण करते हुए दोबारा उसी वार्ड में पहुंचे, तो डॉक्टर साहब अपनी कुर्सी से ही गायब मिले। पूरे अस्पताल परिसर में अनुशासनहीनता का आलम यह था कि कई डॉक्टर बिना निर्धारित ड्रेस कोड और एप्रन के बेखौफ घूमते नजर आए, जिससे मरीजों के लिए यह पहचानना ही मुश्किल था कि डॉक्टर कौन है और तीमारदार कौन? बच्चों की जान बचाने वाले सबसे संवेदनशील पीआईसीयू वार्ड की सुरक्षा को भी अस्पताल प्रबंधन ने पूरी तरह ताक पर रख दिया था। वार्ड के ठीक बाहर मीटिंग हॉल बना देखकर डॉ. निदारिया का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने संक्रमण के भारी खतरे का हवाला देते हुए तीखे सवाल दागे कि आखिर किस नियम के तहत इस अति-संवेदनशील जगह को मीटिंग का अड्डा बनाया गया? सुरक्षा में सेंध का आलम यह था कि गार्ड बिना कोई नाम-पता दर्ज किए किसी को भी अंदर जाने दे रहे थे। मरीजों की जान खतरे में डालने वाली इस गंभीर चूक पर पीआईसीयू इंचार्ज को सख्त लहजे में चेतावनी दी गई। सरकारी अस्पताल की आड़ में चल रही निजी प्रैक्टिस का काला सच भी इस मैदानी पड़ताल में खुलकर सामने आ गया। एसडीओ वार्ड के निरीक्षण के दौरान एक गायनाकोलॉजिस्ट के पास निजी क्लीनिक के पर्चे मिलने पर अधिकारी ने सख्त ऐतराज जताया। इसी बीच वार्ड में एक एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन मिलने से यह भी साफ हो गया कि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ किस स्तर का अमानवीय समझौता हो रहा है। बच्चों के डॉक्टर के निजी क्लीनिक के पंजीकरण पर गंभीर सवाल उठाने के साथ ही, डॉ. निदारिया ने ऑपरेशन थिएटर में होने वाले सिजेरियन और रेफर किए गए मामलों की पूरी जन्मकुंडली (विस्तृत रिपोर्ट) तलब कर ली है। अस्पताल की बिगड़ी नब्ज पकड़ने के बाद डॉ. निदारिया ने राहत के लिए कड़े निर्देश भी जारी किए। मरीजों को पर्चा बनवाने और अन्य कामों के लिए दर-दर भटकाने की प्रक्रिया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्होंने तत्काल एक ही स्थान पर पंजीकरण व्यवस्था लागू करने का फरमान सुनाया। इसके अलावा, भीषण गर्मी में बेहाल मेटरनिटी वार्ड की प्रसूताओं की तकलीफ देखकर वहां तुरंत एसी लगाने और डिलीवरी कक्ष के बाहर लगी अनावश्यक बैरिकेडिंग को हटाने के सख्त निर्देश दिए गए, ताकि मरीजों की आवाजाही सुलभ हो सके। बता दें कि अपने इस दो दिवसीय दौरे के अगले चरण में डॉ. निदारिया जिले के अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की जमीनी हकीकत भी परखेंगे।

# लायंस क्लब नागदा ग्रेटर द्वारा अन्नक्षेत्र में कराया भोजन, सेवा गतिविधि आयोजित

**नागदा जं. निप्र।** सेवा, संस्कार एवं समर्पण की भावना को साकार करते हुए लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के तत्वावधान में क्लब के मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन प्रतीक गगरानी के पूज्य दादाजी मदनलाल गगरानी एवं दादीजी श्रीमती कौशल्या देवी गगरानी की 67वीं वैवाहिक वर्षगाँठ के पावन अवसर पर अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र में दरिद्र नारायणों को ससम्मान भोजन प्रसादी वितरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी क्लब सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों ने दंपति के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों को प्रेमपूर्वक भोजन करवाकर मानव सेवा का अनुकरणीय कार्य किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि समाज



के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग की सेवा ही सच्ची मानव सेवा है तथा ऐसे सेवा कार्य समाज में संवेदनशीलता एवं परोपकार की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

कार्यक्रम में परिवारजनों में पुत्र संजय गगरानी, पुत्रवधु श्रीमती संध्या गगरानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं लायंस क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष लॉयन डॉ. हिमांशु दत्त पाण्डेय, सचिव लॉयन रोहित प्रजापत, कोषाध्यक्ष लॉयन सलीम खान, वरिष्ठ लॉयन विनय राज शर्मा, घनश्याम राठी, आनंदीलाल गगरानी, सौरभ मोहता सहित क्लब के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी उपस्थितजनों ने श्री गगरानीजी एवं श्रीमती कौशल्या देवी गगरानी को 67वीं वैवाहिक वर्षगाँठ की हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके आदर्श, प्रेरणादायी एवं सफल दाम्पत्य जीवन को समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

# शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना के तहत रायसेन में युवाओं को दिया जा रहा है 45 दिवसीय प्रशिक्षण

**रायसेन।** राज्य शासन द्वारा पिछड़ा वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान युवक-युवतियों को सैन्य बल एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा बलों, पुलिस, होमगार्ड एवं निजी सुरक्षा एजेंसियों में भर्ती के लिए तैयार करने हेतु शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 प्रारंभ की गई है। इस योजना के तहत जिले के 87 बालक एवं 49 बालिकाओं को माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर रायसेन में 45 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शुक्रवार को प्रशिक्षण स्थल शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशानुसार जिले में संचालित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के अंतर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर रायसेन में बालिकाओं के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ प्रीति बाला तथा जिला समन्वयक प्रियंका चौहान द्वारा बालिकाओं से शारीरिक और मानसिक बदलावों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।

उन्होंने छात्राओं को हार्मोनल बदलावों के वैज्ञानिक कारण समझाए और इस दौरान होने वाले मानसिक तनाव, चिड़चिड़ेपन को सामान्य बताया। उन्होंने किशोरियों को संतुलित पोषण, आयरन युक्त आहार और स्वच्छता के नियम अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम में जिला अस्पताल रायसेन के किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता मिथुन यादव और सांची सिविल अस्पताल की परामर्शदाता मृणाली दांगी द्वारा भी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के सभी सीएचसी/पीएचसी पर उमंग-एडोलसेंट फ्रेंडली हेल्थ क्लिनिक में 10-19 वर्ष की किशोर-किशोरियों के लिए निःशुल्क परामर्श, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं माहवारी स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं। इस अवसर पर अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक श्री नवीन गुप्ता, कन्या शिक्षा परिसर के प्राचार्य सुधीर जैन तथा अधीक्षिका लक्ष्मी परिहार भी उपस्थित रहीं।

# मौत के जबड़े से लौट कर आया बेज़ुबान, खूंखार कुत्तों के खूनी खेल के बीच देवदूत बने ग्रामीण, बचाई हिरण की जान

**शाजापुर।** जंगल की खामोशी उस वक्त दहशत में बदल गई, जब एक बेजुबान हिरण को चार खूंखार



आवारा कुत्तों ने अपना निवाला बनाने के लिए चारों तरफ से घेर लिया। मौत हिरण के बिल्कुल करीब थी और कुत्तों के खूनी जबड़े उसे नोंच रहे थे, लेकिन ठीक उसी वक्त, इलाके के ग्रामीण किसी देवदूत की तरह वहां पहुंच गए। अपनी जान की परवाह किए बिना इन लोगों ने जो अदम्य साहस दिखाया, उसने एक बेजुबान की टूटती सांसों को बचा लिया। खून से लथपथ इस हिरण को अब वन विभाग की रेस्क्यू टीम के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे का वक्त था। ग्राम बरनावद के जंगल में एक हिरण अपनी धुन में घूम रहा था, तभी अचानक चार हिंसक और आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर धावा बोल दिया। कुत्तों ने हिरण को बुरी तरह घेर लिया और उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हिरण अपनी जान बचाने के लिए छटपटाता रहा, लेकिन खूंखार कुत्तों ने उसे लहूलुहान कर दिया।

हिरण और कुत्तों के बीच चल रहे इस खूनी संघर्ष पर ग्रामीणों की नजर पड़ी और उन्होने हिरण को कुत्तों का निवाला बनने से बचा लिया। ग्रामीणों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वन विभाग को इस आपात स्थिति की सूचना दी। खबर मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम पूरे अमले के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने घायल हिरण को ग्रामीणों से सुरक्षित अपने कब्जे में लिया और उसे तत्काल इलाज के लिए रवाना किया।

# तालाब पर अवैध खनन करने और रोकने पर जेसीबी, ट्रैक्टर चढ़ाने के प्रयास का आरोप

**शाजापुर।** जिले की मो. बड़ोदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम मण्डोदा की मूलचंद नगर कॉलोनी में दबंगों द्वारा अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने इस अवैध खनन को रोकने का प्रयास किया, तो खनन कर रहे लोगों ने उन पर जेसीबी और ट्रैक्टर चढ़ाकर जानलेवा हमला करने की कोशिश की, जिससे उन्हे भागकर अपनी जान बचानी पड़ी। शुक्रवार को बड़ी संख्या में मंडोदा के ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और यहां उन्होने ज्ञापन सौंपकर बताया कि मूलचंद नगर कॉलोनी में एक तालाब स्थित है, जिसके पास लगभग 500-600 लोगों की रहवासी बस्ती बसी हुई है। पिछले दो सालों से यहां बड़े पैमाने पर अवैध खनन किया जा रहा है, जिससे तालाब और उसकी पाल के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। खनन के कारण भारी मात्रा में उड़ने वाली धूल से बस्ती के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है और उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह अवैध खनन उनके और उनके बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में इसी अवैध खनन के चलते बने एक गहरे गड्ढे में डूबने से एक मासूम बालक की दर्दनाक मौत हो चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी संबंधित विभाग और प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीणों ने शिकायत में बताया कि दिनांक 28 मई 2026 को जब कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अवैध खनन का विरोध किया, तो वहां मौजूद लोग आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि उन लोगों ने जान से मारने की नीयत से उन पर जेसीबी और ट्रैक्टर दौड़ा दिए। प्रशासनिक अनदेखी का आरोप लगाते हुए अब ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने अपनी शिकायत के साथ मौके की तस्वीरें और वीडियो सीडी भी सौंपी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले में कार्रवाई की जाए।

## पीड़िता के प्रति पुलिस का व्यवहार हो संवेदनशील

**शाजापुर।** महिला एवं बाल अपराधों पर अंकुश लगाने और पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से शाजापुर पुलिस कंट्रोल रूम में शुक्रवार को एक दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जागृति योजना 2025 के अंतर्गत चलाए जा रहे सुरक्षित बचपन सुरक्षित भविष्य अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित की गई। कार्यशाला के केंद्र में मुख्य रूप से पॉक्सो अधिनियम 2012 और अनुसंधान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए न्यायाधीश रंजीता राव सोलंकी ने पॉक्सो एक्ट के कानूनी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल अपराधों के मामलों में पीड़िता को सबसे पहले एक सुरक्षित और संवेदनशील वातावरण उपलब्ध कराया जाना चाहिए। न्यायाधीश सोलंकी ने इस बात पर जोर दिया कि घटना की वास्तविक स्थिति जानने के लिए पुलिस की व्यावहारिक दक्षता, उच्च श्रेणी की पुलिसिंग और पुलिसकर्मियों का नम्र व्यवहार अत्यंत आवश्यक है, ताकि पीड़िता बिना किसी डर के अपनी बात रख सके। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नमिता बोरासी ने मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने पुलिसकर्मियों को बताया कि अपराध से पीड़ित बच्चों और महिलाओं के पुनर्वास तथा उन्हें दोबारा सामान्य जीवन यापन में मदद करने के लिए विधिक प्राधिकरण के पास कौन-कौन सी आर्थिक सहायता योजनाएं उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उन्हें दिलाया जा सकता है।

**वैज्ञानिक तरीके से हो साक्ष्यों का एकत्रीकरण**-अदालत में मामलों को मजबूती से रखने के विषय पर एडीपीओ प्रदीप कुमार भटेले ने महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अनुसंधान में वैज्ञानिक तरीकों के उपयोग पर बल देते हुए समझाया कि घटनास्थल से साक्ष्यों का वैज्ञानिक और व्यवस्थित एकत्रीकरण कैसे किया जाए। साथ ही, इन साक्ष्यों को उनके वास्तविक स्वरूप में ही न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की बारीकियां भी सिखाईं। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य महिला एवं बाल अपराधों के प्रति पुलिस महकमे में संवेदनशीलता बढ़ाना, पॉक्सो अधिनियम की प्रभावी जानकारी देना और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस व विधिक तंत्र के बीच आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना था। कार्यशाला के दौरान जिला विधिक सहायता अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाजापुर अजय मिश्रा, सूबेदार दीपिका डावर सहित बड़ी संख्या में महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नई सड़क फीडर पर आज 3 घंटे रहेगा शटडाउन शहर के इन इलाकों में गुल रहेगी बत्ती

**शाजापुर।** शहर के 33/11 केवी मुरादपुरा उपकेंद्र से जुड़े उपभोक्ताओं को आज शनिवार 30 मई की सुबह बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। बिजली कंपनी द्वारा 11 केवी नई सड़क फीडर पर मेंटेनेंस का काम किया जाना है, जिसके चलते सुबह 7 से 10 बजे तक इस फीडर की सप्लाई पूरी तरह ठप रहेगी। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सुधार कार्य के तहत लाइन के 12 नंबर पोल पर जीआई अर्थिंग वायर बदली जानी है। इस जरूरी काम के चलते नई सड़क सेक्शन का शटडाउन लिया गया है। इस तीन घंटे की कटौती से शहर के प्रमुख व्यवसायिक और रहवासी इलाकों की दिनचर्या प्रभावित होगी। लाइन बंद रहने से छोटा व बड़ा चौक, सराफा, कसेरा बाजार, तेलीवाड़ा, कुरैशी मोहल्ला, पोरवाल धर्मशाला, मनिहारवाड़ी, शरद नगर, नई सड़क, नीलम लॉज, सोमवारिया, भोईवाड़ा, मीरकला बाजार, भंसाली मोहल्ला, नीमवाड़ी और भट्ट मोहल्ला में बिजली नहीं रहेगी।

# ईद इंतजाम ड्यूटी में नागदा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

**नागदा जं. निप्र।** ईद पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चल रही विशेष इंतजाम ड्यूटी के बीच थाना नागदा पुलिस ने सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला बदर आरोपी शाहरुख उर्फ कांचा को गिरफ्तार कर संभावित आपराधिक गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आमजन में विश्वास और मजबूत हुआ है।

पुलिस थाना नागदा मण्डी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम ईद इंतजाम ड्यूटी के तहत कस्बा भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर आरोपी शाहरुख उर्फ कांचा अपने घर आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस टीम की मुस्तैदी और सक्रियता के चलते उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ एवं जांच के दौरान आरोपी जिला बदर आदेश के बावजूद क्षेत्र में मौजूद रहने की कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। इस प्रभावी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक अमृतलाल गवरी के नेतृत्व में उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह चौहान, सहायक उप निरीक्षक सुनील परमार, सहायक उप निरीक्षक प्रभुलाल मुनिया, प्रधान आरक्षक विनोद माली, प्रधान आरक्षक विद्या शंकर प्रजापत, प्रधान आरक्षक आरक्षक दीपक कायस्थ, आरक्षक मिथुन, आरक्षक बंटी जाट एवं महिला आरक्षक पूजा राठौर की सराहनीय भूमिका रही।

# बरसात पूर्व समीक्षा बैठक में सफाई व्यवस्था पर सख्ती - श्रीमती गेहलोत

**नागदा जं. निप्र।** नगर पालिका परिषद नागदा द्वारा बढ़ती गर्मी एवं आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक नपाध्यक्ष श्रीमती संतोष ओपी गेहलोत के निर्देशानुसार स्थानीय डे-केयर मे रखी गयी थी, बैठक मे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में शासन के निर्देशानुसार सफाई कर्मचारियों के कार्य समय में परिवर्तन किए जाने की जानकारी दी गई। अब सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्य करेंगे। सुबह 6 बजे से 9 बजे तक सड़क सफाई तथा सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक नालियों की सफाई का कार्य किया जाएगा।

नपाध्यक्ष श्रीमती गेहलोत द्वारा प्रत्येक वार्ड की सफाई व्यवस्था की सतत नियमित निगरानी की जाएगी तथा सभी मेटों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन होगा। यदि 15 दिनों के भीतर संबंधित वार्ड में सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं पाया गया तो संबंधित मेट के स्थान पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन सफाई कार्य के पश्चात मच्छरों की रोकथाम हेतु दवाई छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही रात्रिकालीन समय में फॉगिंग मशीन के माध्यम से धुआं कर मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने का कार्य लगातार जारी है। रात्री मे बाजार मे नियमित कचरा गाड़ी भेज प्रतिदिन कचरा साफ हो यह व्यवस्था भी जारी हैं। प्रत्येक कर्मचारी द्वारा प्रतिदिन नालियों की मैनुअल सफाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

आगामी बरसात को देखते हुए बड़े नालों की सफाई एवं आवश्यक तैयारियों का कार्य भी नगर पालिका द्वारा पूर्ण कर लिया गया है। एसआई कन्हैयालाल चौहान एवं दरोगा की सख्त निगरानी में मेट एवं कर्मचारी कार्य करेंगे। अधिकारियों द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से नपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा, स्वच्छता सभापति श्रीमती बबीता रघुवंशी, कन्हैयालाल चौहान, कुशल धौलपुर, पवन भाटी, विनोद कुमार शिंदे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका द्वारा प्रत्येक 15 दिवस में समीक्षा बैठक आयोजित कर सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन किया जाएगा।

## बिरलाग्राम झुग्गी बस्ती में जल संकट गहराया

**नागदा जं. निप्र।** भीषण गर्मी के बीच बिरलाग्राम झुग्गी बस्ती में पेयजल समस्या को लेकर भारतीय जनता पार्टी बिरलाग्राम मंडल के उपाध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद नागदा को पत्र प्रेषित कर क्षेत्र में पर्याप्त जल प्रदाय सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा जल प्रदाय व्यवस्था में भेदभाव किया जा रहा है, जिससे हजारों परिवार परेशान हैं।

पत्र में बताया गया कि नागदा मंडी क्षेत्र में नियम अनुसार सुबह एवं शाम दोनों समय जल प्रदाय किया जाता है, जबकि बिरलाग्राम झुग्गी बस्ती में लगभग 25 से 30 हजार परिवार निवास करते हैं। इसके बावजूद क्षेत्र में केवल एक समय ही पानी की सप्लाई की जाती है और वह भी मात्र 15 मिनट तक सीमित रहती है। कम समय तक पानी आने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता की कमी से झुग्गी बस्ती के रहवासियों की समस्याएं लगातार बढ़ रही हैं।

# कलेक्टर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न




**रायसेन।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा शुक्रवार को कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, जल गंगा संवर्धन अभियान, जैविक खेती सहित अन्य क्षेत्रों में किए गए कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले में 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को कुपोषण से बचाव हेतु जनजागरूकता गतिविधियां और जनभागीदारी से पोषण किट वितरण के लिए कार्य करें। इसी प्रकार जैविक खेती से होने वाले लाभ पर चर्चा करते हुए किसानों को जैविक खेती अपनाने उद्यानिकी या नगदी फसलों की खेती करने के साथ ही मुर्गी पालन बकरी पालन हेतु प्रेरित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि समूह बनाकर कार्य करने से किसान या ग्रामीणजन अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं।

बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे स्वैच्छिक संगठनों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। संभाग समन्वयक वरूण आचार्य ने भी स्वैच्छिक संगठनों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी लेते हुए मार्गदर्शन किया। जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत द्वारा स्वैच्छिक संगठन बैठक के एजेंडा की जानकारी दी गई तथा परिषद द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यो से भ अवगत कराया गया। इसके उपरांत स्वैच्छिक संस्थाओं द्वारा अपने क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में जिले में कार्यरत अनेक स्वैच्छिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र सेविका समिति के तत्वाधान में निकला मातृ शक्ति का पथ संचलन

## नगर वासियों ने पुष्प वर्षा के साथ किया जोरदार स्वागत



**रायसेन।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण से शाम को राष्ट्र सेविका समिति विदिशा विभाग द्वारा रायसेन नगर में पथ संचलन ÷उद्घोष÷ निकाला गया, जिसमें रायसेन नगर में चल रहे सात दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग में आयीं बहनों क साथ साथ विदिशा विभाग के विभिन्न स्थानों से भी सेविका बहनें संचलन में सम्मिलित हुईं। पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर रायसेन से आरम्भ होकर सर्राफा बाजार उधोग विभाग के सामने से होते हुए महामाया चौक - गंज बाजार - भोपाल-सागर रोड तिराहा - रामलीला गेट से होते हुए समापन सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण में हुआ। संचलन में बहनों द्वारा घोष के उद्घोष का प्रदर्शन किया गया पथ संचलन के कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रीतीबाला ने की,उन्होंने अपने उद्बोधन में समिति कार्यों की प्रशंसा करते हुए बहनों को राष्ट प्रेम क साथ साथ सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता के विषय में भी समर्पण का आग्रह किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता विद्या भारती की क्षेत्रीय सदस्य श्रीमती डॉ राजश्री वैद्य रहीं जिन्होंने समिति से जुड़े कार्यों के विषय में प्रशंसा करते हुए बताया कि आज क समय में हर आयु वर्ग कि बहनों को राष्ट सेविका समिति से क्यों जुड़ना चाहिए। महिला से ही संस्कार समाज में जाते हैं और आज का विरुद्ध समय में बहनों को कैसे परिवार समाज में सांस्कृतिक सुदृढ़ता लाना है यह समिति सिखाती है। 23 मई से चल रहे सात दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग का समापन 30 मई 2026 को प्रेसीडेंसी महाविद्यालय में होगा। नगर में निकल गए पथ संचलन का शहर वासियों ने अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं पथ संचलन में कदम ए कदम ताल मिलकर चल रही मातृशक्ति का उत्साह वर्धन किया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में माता बहनों ने उत्साह के साथ भाग लिया। नगर में पहली बार मातृशक्ति का पथ संचलन निकल गया था जिसे देखने के लिए सड़कों के दोनों तरफ लोगों की भीड़ लगी रही लोगों में पथ संचलन के प्रति काफी उत्साह का वातावरण देखा जा रहा था।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक रमेश चन्द्र दास द्वारा दैनिक चिरंतन, दास ऑफसेट प्रिन्टर्स,105, जवाहर मार्ग, उज्जैन म.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : रमेश चन्द्र दास। विवादों का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा। 0734-4051990, मो. 94068-51745

# 11मंदिरों का पुनरुद्धार 1100 करोड़ में किया जाएगा जिसमें से 200 करोड़ के टेंपल बांड जारी किए जाएंगे-संभागायुक्त

**उज्जैन,29 मई।** संभागायुक्त श्री आशीष सिंह की अध्यक्षता और कलेक्टर उज्जैन श्री रौशन कुमार सिंह की भौतिक उपस्थिति और कलेक्टर आगर - मालवा सुश्री प्रीति यादव की वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थिति में श्री कालभैरव मंदिर, श्री मंगलनाथ मंदिर, श्री सांदीपनि आश्रम, नवग्रह मंदिर ,84 महादेव मंदिर, श्री अंगारेश्वर महादेव मंदिर, मां भूखी माता मंदिर, मां गढ़कालिका मंदिर, श्री सिद्धवट मंदिर, मां बगलामुखी माता मंदिर , आगर-मालवा और अन्य मंदिरों के लिएटेंपल बॉन्ड जारी करने संबंधी आवश्यक बैठक आयोजित की गई।



संभागायुक्त श्री सिंह ने बैठक में निर्देश दिए गए कि टेंपल बॉन्ड इश्यू करने की प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी करें जिससे 31 जुलाई तक टेंपल बॉन्ड लॉन्च किए जा सकेंगे। प्रक्रिया के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बैठक में जानकारी दी गई कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 11 मंदिरों के सुव्यवस्थित संचालन और जीर्णोद्धार के लिए 1100 करोड़ रुपए की राशि से किया जाएगा। 1100 करोड़ में से 200 करोड़ रुपये के टेंपल बॉन्ड, 275 करोड़ रुपए अर्बन चैलेंज फंड और 625 करोड़ रुपए बैंकों के माध्यम से प्राप्त होंगे। टेम्पल बॉन्ड 10 वर्ष के लिए इश्यू किए जाएगें।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, श्री महाकाल मंदिर प्रशासक श्री प्रथम कौशिक, यूडीए सीईओ श्री संदीप सोनी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पापा की परी नहीं शेरनी बनेंगी बेटियां मार्शल आर्ट में बच्चों ने जीते 80 मेडल

## नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला के शिविर का समापन 25 गोल्ड 25 सिल्वर और 30 ब्रॉन्ज पर कब्जा



**उज्जैन।** शहर की बेटियों को पापा की परी के बजाय शेरनी बनाने के उद्देश्य से नारी शक्ति बाल भारती व्यायामशाला अखाड़ा एक्सीलेंस डिफेंस मार्शल आर्ट अकादमी द्वारा 28 मई को भव्य मार्शल आर्ट सेमिनार और प्रदर्शन का आयोजन किया गया। चैरिटेबल हॉस्पिटल के पीछे वामेश्वर महादेव मंदिर स्थित गोल्डन ग्रुप गार्डन में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने आत्मरक्षा के शानदार गुर दिखाते हुए 80 मेडल अपने नाम किए।

एक मई से चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन पर यह आयोजन हुआ। 14 साल के अनुभव वाली नेशनल खिलाड़ी और सेकंड ब्लैक बेल्ट कोच पूजा चौहान के नेतृत्व में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। सेमिनार में हिस्सा लेने वाले 80 बच्चों में से 25 ने गोल्ड, 25 ने सिल्वर और 30 बच्चों ने ब्रॉन्ज मेडल जीते। सभी बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कोच पूजा पिछले दो महीने से अकेले ही बच्चों को प्रशिक्षण देने के साथ आयोजन की रूपरेखा तैयार कर रही थीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंकित चौबे उपस्थित थे। वहीं, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ओपी हरौड़ विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। अखाड़े के अध्यक्ष गुड्डू ठाकुर, सचिव व नाड़ी वैद्य डॉ. भारती वर्मा और उपाध्यक्ष दिलीप राठौर के अलावा बम बम बाबा की टीम के रोहित भाई साहब, मल्हार मंदिर के पंडित जी अनिल सर, नारी ज्योतिष व भाजपा नेत्री मंजू कसेरा, अर्पित गोयल, मनोज, दीपिका प्रजापत, डिंपल राजोरिया, कल्पना, बादल सिंह चौहान, एमपी लाठी के अरविंद जोशी, तृप्ति अग्रवाल, मंजू जैन, वंदना जैन, सपना सांखला और बंदूक वाले पंडित की टीम से रितिक गुरुजी व उनके बड़े भाई अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कोच पूजा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। आयोजन की पूरी व्यवस्था बच्चों ने ही संभाली। सुहाना प्रजापत, समीक्षा मालवीय, नैंसी जाटव, लावन्या भावसार, शुभी, माही, साक्षी, ऐश्वर्या मालवीय, तोषी, अंजलि प्रजापत और आदित्य प्रजापत ने कार्यक्रम का शानदार प्रबंधन किया। आयोजकों ने संदेश दिया कि वर्तमान समय में लड़के और लड़कियों दोनों के लिए आत्मरक्षा के गुर सीखना बेहद जरूरी है। शिक्षा के साथ स्वास्थ्य और आत्मरक्षा विद्या भी दिनचर्या का हिस्सा होनी चाहिए।

अकादमी द्वारा 1 से 30 जून तक सुबह 8 से 9:30 बजे तक नया प्रशिक्षण शिविर शुरू किया जा रहा है। इच्छुक अभिभावक शिविर स्थल या मोबाइल नंबर 7000453098 पर संपर्क कर सकते हैं।

# केन्द्रीय जेल में विचाराधीन बंदी ईश्वर पिता तेजाराम की मृत्यु

**उज्जैन,29 मई।** केन्द्रीय जेल के अधीक्षक ने बताया कि जेल में निरूद्ध विचाराधीन बंदी ईश्वर पिता तेजाराम की शुक्रवार को प्रात: 07.28 बजे एम.व्हाय.एच. इंदौर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है।उक्त बंदी को धारा-323, 294, 506 भादवि के तहत विगत 24 मई को न्यायालय श्री पंकज गोंडू भालेराव, जेएमएफसी उज्जैन के आदेशानुसार जेल में दाखिल किया गया था। यह बंदी जी.टी.सी.एस.से पीड़ित था। विगत गुरुवार को अचानक रात्रि में लगभग 08बजे स्वास्थ्य खराब होने पर जेल चिकित्सक केन्द्रीय जेल के परामर्शानुसार जेल प्रहरियों की अभिरक्षा में बंदी को उपचार के लिए जिला चिमित्सालय उज्जैन भेजा गया था, जहां पर चिकित्सक के द्वारा बंदी को जांच पश्चात एम.व्हाय.एच. इंदौर रैफर किया गया था। उपचार के दौरान शुक्रवार की प्रात: बंदी की मृत्यु की सूचना ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी श्री सन्नी गेहलोत प्रहरी द्वारा जेल पर गेट कीपर को दी गई। एम. व्हाय. एच. इंदौर मध्यप्रदेश के चिकित्सकों के मतानुसार शुक्रवार को प्रात: लगभग 07:28 बजे उपचार के दौरान विचाराधीन बंदी ईश्वर पिता तेजाराम की मृत्यु हो गई एवं तत्पश्चात् बंदी की मृत्यु की सूचना जिला दण्डाधिकारी उज्जैन/इंदौर, पुलिस अधीक्षक उज्जैन/इंदौर, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी जिला-उज्जैन/इंदौर, जेल मुख्यालय भोपाल, मानव अधिकार आयोग भोपाल, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग दिल्ली एवं मृतक के परिजनों को दी गई। इन्क्वेस्ट एवं शव विच्छेदन के पश्चात् शव बंदी के परिजनों को सौंपा गया।

# एनसीसीकैडेट्स का 7 दिवसीय आपदा प्रशिक्षण संपन्न

**उज्जैन,29 मई।** जिला कमाण्डेण्ट होमगार्ड श्री संतोष कुमार जाट ने



बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अंतर्गत जिले में संचालित युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 800 आपदा मित्र प्रशिक्षित कर विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए तैयार किए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत आपदा मित्र योजना का तृतीय सत्र विगत 19 मई से 26 मई तक आलोक इंटरनेशनल स्कूल में संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में दस एमपी एनसीसी बटालियन के 300 कैडेट्स ने लेफ्टिनेंट कर्नल श्री विनीत कुमार के मार्गदर्शन में युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत 07 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस प्रशिक्षण में आपदा मित्रों को बाढ़, भूकंप, आगजनी एवं मेडिकल इमरजेंसी सहित विभिन्न प्रकार की आपदाओं से निपटने के तरीके कैडेट्स को एनडीआरएफ टीम एवं अन्य कुशल प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किए गए।

जिला सेनानी होमगार्ड ने बताया जिले में कुल 800 युवा आपदा मित्र तैयार किया जा रहे हैं। यह आपदा मित्र प्रशिक्षण उपरांत विभिन्न पर्व एवं त्योहारों पर महत्वपूर्ण ड्यूटियों का संपादन करेंगे। साथ ही युवा आपदा मित्र आगामी सिंहस्थ 2028 में घाट सुरक्षा सहित क्राउड मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण ड्यूटियों का संपादन कर सिंहस्थ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# नि:शुल्क मॉक इंटरव्यू के लिए आवेदन 12 जून तक आमंत्रित

**उज्जैन 29 मई।** शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र के उप संचालक ने बताया कि म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के लिए सहायक प्राध्यापक परीक्षा 2024 इतिहास में चयनित उम्मीदवारों के लिए नि:शुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) आगामी 16 जून को कार्यालय शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किए जा रहे है। नि:शुल्क मॉक इंटरव्यू (साक्षात्कार) में सम्मिलित होने के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक योग्य अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालयीन समय में आगामी 12 जून तक आवेदन शासकीय संभागीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र सांवेर रोड दीनदयाल कॉम्प्लेक्स के पीछे गांधी नगर म.प्र. में जमा कर सकते है।

# कालिदास अकादमी में चल रहे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ



**उज्जैन,29 मई।** कालिदास संस्कृत अकादमी, द्वारा 15 से 25 मई, तक 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण कलारूचि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में शास्त्रीय नृत्य कथक, सुगम संगीत, लोकसंगीत, लोकनृत्य, नाटक, कैलीग्राफी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस शिविर में कुल 162 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि शिविर का समापन गत दिवस को सायं 5 बजे अभिरंग नाट्यगृह में किया गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री योगेश भार्गव, सनदि लेखाकार थे। अध्यक्ष के रूप में श्री श्रीपाद जोशी, वरिष्ठ रंगकर्मी एवं अखिल भारतीय सह कोषाध्यक्ष, संस्कार भारती तथा पद्मश्री पं. ओमप्रकाश शर्मा, वरिष्ठ माच गुरु की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

समापन अवसर पर प्रशिक्षक श्रीमती राजश्री शिर्के, मुम्बई के निर्देशन में 35 प्रशिक्षणार्थियों ने महाकवि कालिदास विरचित ऋतुसंहार पर आधारित शास्त्रीय नृत्य कथक की प्रस्तुति, प्रशिक्षक श्री रामचन्द्र गांगोलिया, उज्जैन के निर्देशन में 28 प्रशिक्षणार्थियों ने लोकगायन की प्रस्तुति, प्रशिक्षक श्री कुलदीप दुबे, उज्जैन के निर्देशन में 15 प्रशिक्षणार्थियों न सुगम संगीत की, प्रशिक्षक श्रीमती हीरामणि वर्मा, उज्जैन के निर्देशन में 18 प्रशिक्षणार्थियों ने लोकनृत्य की तथा प्रशिक्षक श्री प्रकाश देशमुख के निर्देशन में 'संत रविदास' नाटक की प्रस्तुति 21 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा की गई। शिविर में कैलीग्राफी का प्रशिक्षण श्रीमती हिमांशी चौबे, उज्जैन द्वारा दिया गया था। कैलीग्राफी के 45 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा डिस्प्ले बोर्ड पर अपनी सुन्दर लिखावट की प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया था। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेन्द्र पण्ड्या, ने किया तथा प्रस्ताविक उद्बोधन अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द्र गन्धे ने दिया। आभार श्री अनिल बारोड़ ने व्यक्त किया।

# निगम मुख्यालय में हुआ सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह

**उज्जैन।** नगर निगम परिवार में अपना सेवाकाल पूर्ण कर चुके कर्मचारियों का नगर निगम द्वारा सेवानिवृत सम्मान समारोह शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में समारोह पूर्वक आयोजित करते हुए सेवानिवृत हो रहे कर्मचारियों का एमआईसी सदस्य श्री शिवेंद्र तिवारी, नेता प्रतिपक्ष डॉ रवि राय, अपर आयुक्त श्री पुनीत शुक्ला, उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल द्वारा शाल, श्रीफल,भगवत गीता, प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया एवं सेवानिवृत्ति के पश्चात स्वस्थ एवं सुखी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर निगम में दीर्घ एवं गौरवशाली सेवाकाल पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी हरिदास गंगादास भृत्य राजस्व विभाग अन्यकर, देवानंद बाबूलाल भृत्य स्वास्थ्य विभाग, सुरेश पिता बाबूलाल भाटी नियमित पीएचई विभाग, सेवाराम पिता रघुनाथ बिल वितरण कार्यभारित पीएचई विभाग, सुरेश पिता श्रीधर पाठक पंप चालक कार्यभारित पीएचई विभाग, अमृतलाल पिता बाबूलाल स्वीपर कार्यभारित पीएचई विभाग का सम्मान किया गया इस दौरान लेखा अधिकारी सरिता मांडरे, कर्मचारी संघ से श्री नितिन मुसले, श्री शैलेश नागर, श्री दिलीप दवे एवं निगम के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# शा.नर्सिंग महाविद्यालय में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया

**उज्जैन,29 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर विगत दिवस को शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाताओं द्वारा माहवारी से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को माहवारी क्या है, माहवारी पूर्व होने वाले लक्षण, मासिक धर्म के दौरान उचित पोषण, स्वच्छता एवं नियमित व्यायाम के महत्व के बारे में समझाया गया। साथ ही मासिक धर्म विकारों के कारण एवं उनके उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी भी प्रदान की गई। जागरूकता सत्र में माहवारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों एवं मिथकों पर चर्चा करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया गया। किशोरियों को सेनिटरी नैपकिन के सुरक्षित उपयोग, स्वच्छता प्रबंधन तथा उपयोग किए गए सेनिटरी नैपकिन के सुरक्षित डिस्पोजल की जानकारी भी दी गई। माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान नहीं रखने पर संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में नर्सिंग स्टॉफ सहित उपस्थित छात्राओं एवं महिलाओं को स्वच्छता अपनाने तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ दिलाई गई।

# दशहरा मैदान में 6 जून से होगी नौ दिवसीय श्रीराम कथा



**उज्जैन।** सनातन धर्म जागरण महाअभियान के अंतर्गत शहर के दशहरा मैदान में 6 से 14 जून तक भव्य नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।

कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक प्रेम भूषण जी महाराज के कृपापात्र राजन जी महाराज के श्रीमुख से प्रतिदिन शाम 4 बजे से रामकथा की अमृत वर्षा होगी। इस भव्य आयोजन को लेकर दशहरा मैदान पर कथा स्थल का विधिवत भूमि पूजन किया गया। मीडिया प्रभारी शिवम भार्गव ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण यादव उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार और जनजागरण है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में भी विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजक अजीत गुप्ता ने बताया कि भूमि पूजन के अवसर पर सुरेंद्र यादव, उपेन्द्र कुमार गुप्ता, अजय गुप्ता और ओम प्रकाश त्रिपाठी सहित अनेक श्रद्धालु और धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। आयोजक मंडल ने शहर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लेने की अपील की है।

# बाबा महाकाल के सवारी मार्ग को एकरूपता में बनाने हेतु महापौर द्वारा क्षेत्र के दुकानदारों एवं रहवासियों को पत्र लिखा

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की पावन नगरी उज्जैन केवल एक शहर ही नहीं बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और सनातन परम्परा का जीवंत स्वरूप है, मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में और आप सभी क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग से कंठाल से सतीगेट होते हुए गोपाल मंदिर सवारी मार्ग आदि का चौड़ीकरण एवं सौन्दर्यकरण का कार्य प्रगति पर है। यह मार्ग केवल आवागमन का रास्ता नहीं बल्कि बाबा महाकाल की भक्ति, हमारी धार्मिक गरिमा और उज्जैन की पहचान का प्रतीक है। हम सभी का यह नैतिक एवं धार्मिक दायित्व है कि जब देश-विदेश से श्रृद्धालु बाबा महाकाल के दर्शनों हेतु उज्जैन आएं तब उन्हें हमारी नगरी में एकरूपता, स्वच्छता, सुंदरता और आध्यात्मिकता एवं भव्यता का अदभुद स्वरूप दिखाई दे, इसलिए अपने भवनों एंव दुकानों के बाहरी रंग एक समान करें, दुकानों के साईन बोर्ड एकरूपता लिये हुये हों, इसी क्रम में शुक्रवार को कंठाल से सती गेट एवं गोपाल मंदिर क्षेत्र के दुकानदारों को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा लिखे गए पत्र सौंपे गए ओर कहा कि आपका यह सहयोग उज्जैन की दिव्यता और भव्यता को नई पहचान देगा, यह कार्य केवल विकास नहीं बल्कि बाबा महाकाल की सेवा और हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण का पुण्य प्रयास है, आईए हम सभी मिलकर संकल्प लें बाबा महाकाल की इस पावन नगरी को देश की सबसे सुंदर सुव्यवस्थित और आध्यात्मिक नगरी बनाएंगें।

## महापौर ई रिक्शा में सवार होकर निरीक्षण करने निकले

**उज्जैन।** पेट्रोल-डीज़ल के मितव्ययिता पूर्ण उपयोग के दृष्टिगत देश के नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से की गई अपील एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी के आवाहन पर उज्जैन नगर पालिक निगम में भी महापौर द्वारा शुक्रवार को ई रिक्शा में बैठकर शहर का निरीक्षण किया गया।

# जिला स्तर के साथ तहसील स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित किए जायेंगे-कलेक्टर

**उज्जैन, 29 मई।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ के संबंध में बाढ़ आपदा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि वर्षा काल में किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं।

उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, राहत एवं बचाव दलों की तत्परता, नदी के जल स्तर की मॉनिटरिंग,जर्जर भवनों का चिन्हांकन, कंट्रोल रूम संचालन, नाव एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता और आवश्यक प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जिला स्तरीय बाढ़ बचाव कंट्रोल रूम 15 जून से संचालित करने और आपदा के समय त्वरित रिस्पॉन्स के लिए तहसील स्तर पर भी कंट्रोल रूम संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग को स्नेक बाइट और अन्य आवश्यक दवाइयां, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में जलभराव संभावित क्षेत्रों, नदी-नालों की स्थिति, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं तथा संचार व्यवस्था की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को जिले के सभी पुल ,पुलिया, रपटों को निरीक्षण कर आवश्यक संकेतक और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पुल, पुलिया और रपटों पर बारिश का पानी होने पर आवश्यक बैरिकेडिंग कर आवाजाही बंद करना सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा ने बैठक में बारिश के पूर्व सभी पुल ,पुलियाओं और आवश्यक स्थानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए जिससे आवश्यक संख्या में आपदा प्रबन्धन बल की तैनाती हो सके।

बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा,जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट,जिला होमगार्ड कमांडेंट श्री संतोष जाट,सभी अनुविभागीय अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाएगा

**उज्जैन,29 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि तम्बाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं तम्बाकू के सेवन से रोकथाम के लिए संबंधित नीतियों का सख्ती से पालन हो। लोगों का ध्यान इस ओर केंद्रित किया जाए कि तम्बाकू के उपयोग से लोगों को फेफड़े का कैंसर, श्वसन तंत्री की बीमारी, गर्भावस्था के समय धूम्रपान अथवा धूम्ररहित तम्बाकू के सेवन से शिशु को होने वाले दुष्प्रभाव अस्थमा, निमोनिया, ब्रोन्काइटिस, बार-बार श्वसन तंत्र का संक्रमण एवं क्षयरोग इत्यादि हो सकते हैं। तम्बाकू निषेध दिवस को मनाने का प्रमुख उद्देश्य आम लोगों में तम्बाकू के दुष्प्रभाव एवं इससे होने वाले घातक रोगों की जानकारी प्रदान करना है। तम्बाकू के धुएं में 4 हजार किस्म के रसायन होते हैं, जिनमें से 60 तत्व कैंसर रोग उत्पन्न कर सकते हैं। तम्बाकू में मौजूद निकोटिन तत्व नशे का आदि बना देता है। यह धूम्रपान के 7 सेकण्ड के अंदर मस्तिष्क में पहुंच जाता है और फेफड़ों और धमनियों में घुल जाता है। तम्बाकू के सेवन से शरीर के हर अंग को ही खतरा है, एक अनुमान के मुताबिक विश्व में प्रतिवर्ष करीब 50 लाख लोग एवं भारत में 8 लाख लोगों की मृत्यु तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों से हो जाती है। तम्बाकू नियंत्रण कानून 2003- शासन द्वारा तम्बाकू नियंत्रण के लिए बनाया गया है, जिसमें धारा 4 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध है, धारा 5 के अन्तर्गत तम्बाकू उत्पादों का प्रचार-प्रसार व विज्ञापन निषेध है। धारा 6 के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति द्वारा तम्बाकू उत्पाद बेचा जाना निषेध है एवं शिक्षा संस्थानों से 100 गज की परिधि में तम्बाकू उत्पादों का विक्रय निषेध है।